हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

- मुंगेशपुर में अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज

## धधकी धरती

सुबह दस बजे तक छाए रहे बादल फिर कड़ी धूप ने दिखाया तेवर



दिल्ली में वर्ष 2002 में सबसे अधिकतम तापमान 49.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

देशभर में गर्मी ने प्रचंड रूप धारण कर लिया है। कई शहरों में पारा 50 डिग्री के पार चला गया है और लोग भीषण लू का सामना कर रहे हैं। दिल्ली में बुधवार को गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और यहां मुंगेशपुर इलाके में अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह राष्ट्रीय राजधानी में अब तक दर्ज किया गया सर्वाधिक तापमान है।

जल्द मिलेगी राहत 24 घंटे में केरल तट पहुंचेगा मानसून

# टूट गए सारे रिकॉर्ड, 52 डिग्री पर उबली दिल्ली छत्तीसगढ़ में भी बरस रही आग, रायगढ़ 47 डिग्री

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी और उत्तर भारत के कई हिस्से पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी की चपेट में हैं। मुंगेशपुर इलाके में अधिकतम तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, आईएमडी ने कहा कि वह किसी भी संभावित त्रुटि के लिए क्षेत्र के मौसम विज्ञान केंद्र के सेंसर और आंकड़ों की जांच कर रहा है। यहां कम से कम तीन ▶▶| शेष पेज 4 पर



### 52 डिग्री पर उठे सवाल, होगी जांच

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रीजीजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली में 52.3 डिग्री सेल्सियस तापमान बहुत कम होने की संभावना है। आईएमडी में हमारे वरिष्ठ अधिकारियों को समाचार रिपोर्ट की पुष्टि करने के लिए कहा गया है। आधिकारिक स्थिति जल्द ही बताई जाएगी।

## दो दिन और सहनी होगी गर्मी की मार फिर प्री-मानसून वर्षा के आसार

# रायपुर-दुर्ग 45 पार आज भी लू के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तर-पश्चिम की शुष्क हवा से लगातार दूसरे दिन छत्तीसगढ़ का बड़ा हिस्सा गर्मी से झुलसता रहा। बुधवार को रायगढ़ का अधिकतम तापमान 47 डिग्री के करीब पहुंचा और रायपुर का पारा 46 डिग्री के करीब रहा। अगले दो दिन छत्तीसगढ़ के लोगों को गर्मी की मार सहनी होगी। इसके बाद प्री-मानसून की वर्षा के आसार बन रहे हैं। शहर में आज सुबह के वक्त काफी देर तक बादल थे, जिसे देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा था कि धूप आज ज्यादा नहीं सताएगी। सुबह के दस बजने के बाद बादल खुला और शुष्क हवा ने अपना असर दिखाना शुरू किया और दो घंटे के भीतर ही ▶▶| शेष पेज 4 पर

### छग के ऊपर द्रोणिका, अंधड़ के आसार

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि अभी एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तरप्रदेश से पश्चिम बंग्लादेश तक छत्तीसगढ़ होते हुए विस्तारित है। इसके असर से कुछ एक इलाकों में अंधड़ चलने अथवा हल्की बारिश होने की संभावना है, मगर इसका असर भारी गर्मी पर बहुत अधिक नहीं होगा। नवतपा के अंतिम दिनों में ही भारी गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।







आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं | गद्दा फैक्ट्री के साथ हीरापुर की बंद प्लास्टिक फैक्ट्री में आग

# गद्दा फैक्ट्री में भड़की आग, दो महिलाएं जिंदा जली, पांच ने भागकर जान बचाई

राजधानी के खमतराई तथा कबीर नगर थाना क्षेत्र की गद्दा तथा बंद प्लास्टिक फैक्ट्री में बुधवार दोपहर आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। गद्दा फैक्ट्री में आग लगने से वहां काम करने वाली दो महिलाओं की जलने से मौत हो गई। फैक्ट्री में काम कर रहे पांच अन्य कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। मौके पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड कर्मी देर शाम तक राहत तथा बचाव कार्य में जुटे रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस के मुताबिक खमतराई, गोंदवारा में संचालित श्री गुरुनानक मैट्रेस स्लीप प्रो कंपनी में दोपहर आग धधकी। आग इतना विकराल थी कि दो कर्मचारियों को भागने का भी मौका नहीं मिला। आगजनी में सरोरा निवासी यमुना तथा रामेश्वरी क मौत हो गई।

फैक्ट्री में जब आग लगी, उस समय फैक्ट्री के अंदर सात कर्मी काम कर रहे थे। फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों ने पुलिस को बताया कि फैक्ट्री में जब आग लगी तो, आग ने तेजी से फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। मजदूरों के मुताबिक फैक्ट्री में जब आग तेजी से फैलने लगी, तब उन लोगों ने किसी तरह से फैक्ट्री से भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान आग की चपेट में आने से दो महिलाएं भाग नहीं पाईं और उनकी जलने से मौत हो गई।

### फोम की वजह से भड़की आग

फायर ब्रिगेड के कर्मियों के मुताबिक गद्दा फैक्ट्री में आग भड़कने की बड़ी वजह अंदर रखे फोम हैं। फोम होने की वजह से आग देखते ही देखते भड़क गई और फैक्ट्री आग की चपेट में आ गई। जिन दो महिलाओं की जलने से मौत हुई है, वो भाग नहीं पाईं और आग की चपेट में आकर बुरी तरह से जल गईं। दोनों महिला कर्मियों की अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में मौत होने की बात सामने आई है।



### निजी उद्योग के दमकल वाहन पहले पहुंचे

गद्दा फैक्ट्री के अंदर मजदूरों के फंसे होने की आशंका पर पुलिस ने फायर ब्रिगेड के साथ निजी उद्योग जिनके पास फायर ब्रिगेड की गाड़ियां हैं, उन उद्योगों को कॉल कर घटना की जानकारी दी। साथ ही निजी उद्योगों के फायर ब्रिगेड की टीम को तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए कहा। इसके साथ ही मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई। आग पर काबू पाने तथा फैक्ट्री के अंदर अन्य मजदूरों के नहीं होने की जानकारी मिलने पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम ने राहत की सांस ली। आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की दो तथा निजी उद्योगों के छह दमकल की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

*कुछ एक इलाकों में अंधड़ चलने अथवा हल्की बारिश होने की संभावना भी*

**प्रमुख शहरों का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 45.5 | +3 |
| माना | 45.7 | +4 |
| बिलासपुर | 45.4 | +2 |
| पेंड्रा | 42.8 | +3 |
| अंबिकापुर | 44.2 | +4 |
| जगदलपुर | 39.6 | +2 |
| दुर्ग | 45.5 | +2 |
| राजनांदगांव | 43 | 0 |

**स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टी**

# हीट स्ट्रोक से 50 से अधिक छात्र बेहोश



**पटना/शेखपुरा/बेगूसराय।** बिहार के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी के कारण 50 से अधिक विद्यार्थियों के बुधवार को बेहोश हो गए। इसके बाद सरकार ने सभी निजी और सरकारी स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और आंगनवाड़ी केंद्रों को आठ जून तक बंद करने का आदेश दिया। बिहार के शेखपुरा और बेगुसराय जिलों में भीषण गर्मी के कारण सरकारी स्कूलों के 50 से अधिक विद्यार्थी बुधवार को बेहोश हो गए। बिहार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भीषण गर्मी और भयंकर लू की चपेट से राज्य में आपदा की स्थिति बन रही है। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को निर्देश दिया है कि आवश्यकतानुसार वर्तमान स्थिति को द ▶▶| शेष पेज 4 पर

### प्रार्थना के दौरान छात्र गिरे

बताया जा रहा है कि शेखपुरा जिले के मनकौल मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद ने कहा, बुधवार को अत्यधिक गर्मी की स्थिति के कारण जब प्रार्थना सभा चल रही थी, तब कई छात्र बेहोश हो गए। हमने प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने की कोशिश की। छात्रों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### ईडी कैडर के 11 अफसरों की पदोन्नति



**नई दिल्ली।** केंद्र ने प्रवर्तन निदेशालयकैडर के 11 अधिकारियों को संघीय धनशोधन-रोधी एजेंसी में संयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत किया है। यह पहली बार है, जब इतनी बड़ी संख्या में अधिकारियों को संयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

### सेना के जवानों ने चार पुलिसकर्मियों को पीटा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सेना के जवानों ने चार पुलिसकर्मियों की कथित रूप से पिटाई की। रक्षा प्रवक्ता ने हालांकि कहा कि पुलिस और सेना के जवानों के बीच 'मामूली मतभेदों' को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है।

### संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर बरसाईं गोलियां



**जम्मू।** बीएसएफ के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा के समीप एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलियां बरसाईं। मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे खानेतर में बीएसएफ के सतर्क जवानों ने सीमा पार से ड्रोन को उड़ते हुए देखा।

# सात लापता मजदूरों के परिजनों को 30-30 लाख, दो नहीं माने फैक्ट्री जांच होने तक बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई-बेमेतरा

बेमेतरा के बोरसी पिरदा की बारूद फैक्ट्री में हादसे के पांचवे दिन बुधवार को प्रशासन और प्रबंधन ने धरने पर डटे ग्रामीणों और परिजनों से लंबी बात की। दिनभर उठापटक के बाद आखिरकार सात मजदूरों के परिजनों ने प्रबंधन से 30-30 लाख रुपए मुआवजा ले लिया। दो के परिजनों ने मुआवजा से इनकार कर दिया। फैक्ट्री को जांच तक बंद रखने का फरमान जारी कर दिया गया है, बाहर अभी भी ग्रामीण डटे हुए हैं।

- ग्रामीणों का आंदोलन दो फाड़, फैक्ट्री के गेट पर ग्रामीणों के साथ डटे परिजन

गौरतलब है कि स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड पिरदा बेमेतरा में 25 मई शनिवार की सुबह लगभग 7 बजकर 55 मिनट में पीटीएन प्लांट में जोर का धमाका हुआ। इस धमाके में 8 मजदूर चपेट में आ गए थे। एक मजदूर की मौत इलाज के दौरान हो ▶▶| शेष पेज 4 पर

### शासन से पांच-पांच लाख रुपए की अतिरिक्त सहायता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बेमेतरा जिले के बारूद फैक्ट्री में हुए



विस्फोट की घटना में 1 मृतक एवं 8 लापता मजदूरों के परिजनों को कंपनी प्रबंधन की ओर से 30-30 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पांच-पांच लाख रुपए की घोषित आर्थिक सहायता राशि उक्त प्रदाय राशि से अतिरिक्त होगी।

### कलेक्टर ने फैक्ट्री बंद करने का दिया आदेश

हादसे के बाद बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा ने न्यायायिक दण्डाधिकारी जांच का आदेश शनिवार को ही जारी किया था। कलेक्टर ने 29 मई बुधवार को एक आदेश जारी करते हुए आगामी आदेश तक फैक्ट्री को बंद करने का आदेश दिया है। कलेक्टर ने आदेश दिया है कि स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड परिसर में दुर्घटना (विस्फोट के कारण जनहानि हुई है। उक्त घटना के कारण लोक सुरक्षा को देखते हुए कारखाना परिसर में उत्पादन एवं उससे संबंधित अन्य गतिविधियां आगामी आदेश पर्यंत बंद रखने का निर्देश दिया जाता है। कारखाने में उपलब्ध विस्फोटक पदार्थों की समुचित सुरक्षा का दायित्व कारखाना प्रबंधक की होगी।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से दर्ज कराई आपत्ति, ममता भी बिफरीं

# पीएम मोदी के 'मौन' पर हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कन्याकुमारी में एकांतवास में तीन दिनों तक ध्यान लगाने से एक दिन पहले कांग्रेस ने बुधवार को चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। कांग्रेस ने कहा कि पीएम मोदी का यह कदम आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने दिल्ली में चुनाव आयोग के कार्यालय में चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि हमने चुनाव आयोग से कहा है कि 48 घंटे की मौन अवधि ▶▶| शेष पेज 4 पर



### आज थमेगा अंतिम दौर का प्रचार

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए 1 जून को मतदान होगा। इस दौर के लिए चुनाव प्रचार गुरुवार को शाम 5 बजे थम जाएगा। इस चरण में पीएम नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ रहे हैं। वे जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जहां से उन्होंने 2014 में अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ा था। उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट पर शनिवार को सातवें और अंतिम चरण में मतदान करेगा।

### टीवी पर दिखे तो ममता करेंगी शिकायत

**बरूईपुर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि यदि कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ध्यान का टेलीविजन पर प्रसारण किया जाता है तो उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस निर्वाचन आयोग से शिकायत करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा।

# चार फीट गड्ढा कर नमक भरा, फिर प्रेमी साथ मिलकर पति को गाड़ा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दो दिन पहले शहर के लोहानी बिल्डिंग के एक कमरे में 5 फीट नीचे छिपाई गई लाश मिली। दिसंबर में हत्या कर यहां दफन की गई लाश के मामले में खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक के सामने उसकी पत्नी का आरोपी के साथ अवैध संबंध का पर्दाफाश हो चुका था। इस बात को लेकर पति-पत्नी और मृतक-आरोपी में कई बार विवाद हो चुका था। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पति-पत्नी के बीच होता था विवाद

मामले में यह भी जानकारी मिली कि देविका का अपने पड़ोसी मुकुन्द त्रिपाठी (45) के साथ अवैध संबंध था, जिसका पता यूपेश को था और इसलिए उनके बीच हमेशा झगड़ा हुआ करता था। पुलिस ने पड़ोसियों से पूछताछ की व कॉल डिटेल निकाला। संदेह के आधार पर मुकुंद त्रिपाठी को हिरासत में लिया गया। मुकुंद पहले तो गोलमोल जवाब देता रहा, जब पुलिस ने कड़ाई बरती तो पूरी कहानी सामने आ गई।

गिद्धों के संरक्षण पर गांव मेनूर, बामनपुर, मददेड़ क्षेत्र में 10 युवक बनाए गए गिद्ध मित्र

# इंद्रावती टाइगर रिजर्व के सटे गांव में तीन विलुप्त प्रजाति के 140 गिद्ध

अलग खबर

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्य रूप से 5 प्रजाति के गिद्ध पाए जाते हैं। इसमें से 3 प्रजाति के गिद्ध विलुप्त हो गए हैं। इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में 3 विलुप्त प्रजाति इंडियन वॉल्चर, व्हाइट रम्पेड वॉल्चर एवं ग्रीफॉन वॉल्चर के गिद्धों की पुष्टि भोपालपटनम के बामनपुर ग्राम के सकलनारायण पहाड़ के पिछले हिस्से के गद्दलसरी गुट्टा इलाके में की गईं थी, इनकी अनुमानित संख्या 140 गिद्धों की थी। इस गिद्धों के संरक्षण के लिए रिजर्व से सटे गांव मेनूर, बामनपुर, मददेड़ क्षेत्र में 10 गिद्ध मित्र बनाए, जो गिद्ध का सर्वेक्षण, रहवास के स्थान, इनके आबादी का अवलोकन, इनके वंशनाश ▶▶| शेष पेज 4 पर






### पांच सवालों पर हो रहा अध्ययन

बताया जा रहा है कि गिद्धों का रहवास केवल भोपालपटनम, जिला बीजापुर में ही क्यों, इनकी प्रजनन काल में नर और मादा का पहचान। क्या गिद्ध प्रजनन के लिए यहां आते हैं, क्या गिद्धों की तीनों प्रजातियों की यहां प्रजनन होता है, गर्भावधि में नर एवं मादा की प्रक्रिया, गिद्धों का संरक्षण ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वयंसंचलित कैसे किया जाए।

### रहवास स्थल की हुई ट्रैकिंग

रिजर्व के अनुसार गिद्ध संरक्षण जागृति कार्यक्रम के दौरान 50 शालाओं के बच्चों को इनके रहवास स्थल के इलाके में ट्रैकिंग कराई गई। साथ ही इनके रहवास स्थल के आसपास के ग्रामीणों से गिद्ध से जुड़ी सारी पारंपरिक जानकारी भी हासिल की। गिद्ध संरक्षण परियोजना के अंतर्गत हमने ग्रामीणों के साथ जुड़ ▶▶| शेष पेज 4 पर

### डिक्लोफेनाक से गिद्धों का होता है वंशनाश

इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक वन्य जीवन एवं क्षेत्रीय निदेशक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि गिद्धों के वंशनाश में मुख्य भूमिया मवेशियों को दिए जाने वाले दर्द की दवा डिक्लोफेनाक एवं अन्य 9 अलग-अलग दवा की जानकारी ली जा रही है। डिक्लोफेनाक एक नॉनस्टेरॉइडल एंटी- ▶▶| शेष पेज 4 पर







# मोदी, अजय रॉय, रविकिशन अनुप्रिया सहित कई दिग्गज हैं मैदान पर

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए यूपी की 13 सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रोबर्ट्सगंज की सीटों पर एक जून को वोटिंग होनी है। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर यूपी की सीएम योगी आदित्यनाथ के गृहक्षेत्र गोरखपुर सीट पर वोटिंग होगी। वहीं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी चुनाव मैदान में हैं। माना जा रहा है कि घोसी, गाजीपुर और मिर्जापुर में पेंच फंसा हुआ है।

## सातवें चरण में यूपी में है जबरदस्त चुनावी घमासान, कई सीटों पर फंसा पेंच

**वाराणसी :** सातवें चरण में कई दिग्गज मैदान में हैं। इनमें सबसे अहम यूपी की वाराणसी लोकसभा सीट है, जहां पिछली दो बार से सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार भी चुनाव लड़ रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में काशी नगरी ने विकास का नया आयाम छुआ है। पीएम मोदी ने 2019 में 2014 से भी ज़्यादा अंतर के साथ चुनाव जीता है। इस बार लक्ष्य 2019 से भी बड़ी जीत का है वहीं कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर दांव लगाया है बसपा से अतहर जमाल लारी चुनाव लड़ रहे हैं।

**गोरखपुर :** वाराणसी के बाद गोरखपुर लोकसभा सीट भी वीआईपी सीटों की लिस्ट में शुमार है। यहां बीजेपी ने भोजपुरी अभिनेता और मौजूदा सांसद रवि किशन को टिकट दिया है। उनका मुक़ाबला सपा नेता काजल निषाद से हैं। वहीं बसपा ने मुस्लिम चेहरे जावेद सिमनानी पर दांव लगाया है।

**चंदौली :** चंदौली लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे हैट्रिक लगाने के इरादे से मैदान में है। उनका मुकाबला इंडिया गठबंधन की ओर से सपा के वीरेंद्र सिंह और बसपा के सत्येंद्र कुमार मौर्य से हैं। वहीं रॉबर्ट्सगंज सीट पर भी मुकाबला दिलचस्प है। यहां बीजेपी ने मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बहू रिंकी कोल को टिकट दिया है। जबकि सपा ने छोटेलाल खरवार और बसपा ने धनेश्वर गौतम को प्रत्याशी बनाया है।

**घोसी :** घोसी लोकसभा सीट पर बीजेपी को कड़ी चुनौती देखने को मिल रही है। इस सीट पर एनडीए को ओर से ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर ताल ठोंक रहे हैं। सपा ने राजीव राय पर दांव चला है जबकि बसपा ने बालकृष्ण चौहान को उतारकर ओबीसी वोटरों में सेंध लगाने की कोशिश की है। यहां लड़ाई त्रिकोणीय दिख रही है।





**कुशीनगर :** कुशीनगर लोकसभा सीट पर लड़ाई दिलचस्प है। बीजेपी की ओर से मौजूदा सांसद विजय दुबे इस बार हैट्रिक के इरादे से मैदान में हैं तो वहीं इंडिया गठबंधन की ओर से अजय प्रताप सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर स्वामी प्रसाद मौर्य के आने से मुकाबला बढ़ गया है। मौर्य राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से चुनाव मैदान में हैं।

**मिर्जापुर :** मिर्जापुर से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल चुनाव लड़ रही है। वो लगातार दो बार यहां से सांसद रह चुकी है। सपा ने बीजेपी से आए रमेश बिंद को टिकट दिया है जबकि बसपा ने मनीष त्रिपाठी को चुनाव में उतारकर दलित-ब्राह्मण समीकरण को साधने की कोशिश की है।

**देवरिया :** देवरिया लोकसभा सीट सपा-कांग्रेस गठबंधन में कांग्रेस के खाते में आई है। इस सीट से कांग्रेस ने अखिलेश सिंह को टिकट दिया है। जबकि बीजेपी की ओर से समाजसेवी शशांकमणि त्रिपाठी चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने यहां यादव चेहरे पर दांव चला है और संदेश यादव को टिकट दिया है।

**सलेमपुर :** सलेमपुर में बीजेपी ने फिर दो बार के सांसद रहे रवींद्र कुशवाहा पर दांव लगाया है। उनका मुक़ाबला सपा की ओर से पूर्व सांसद रहे रमाशंकर राजभर से हैं। बसपा ने भीम राजभर को चुनाव में उतार राजभर वोटों को काटने की कोशिश की है। महाराजगंज सीट पर बीजेपी की ओर से छह बार के सांसद रह चुके पंकज चौधरी, सपा की ओर से वीरेंद्र चौधरी और बसपा ने मौसम ए आलम को प्रत्याशी बनाया है।

**गाजीपुर :** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद गाजीपुर लोकसभा सीट पर भी कड़ा मुक़ाबला देखने को मिल रहा है सपा ने यहां से मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी को टिकट दिया है। अफजाल ने पिछली बार बसपा के चुनाव चिन्ह पर यहा जीत हासिल की थी, वो पांच बार विधायक भी रह चुके हैं जबकि बीजेपी की ओर से पारसनाथ राय चुनाव लड़ रहे हैं।

**बांसगांव :** बांसगांव सीट पूर्व सांसद सुभावती पासवान के बेटे कमलेश पासवान बीजेपी के चुनाव चिन्ह पर मैदान में हैं। वो तीन बार सांसद रह चुके हैं। सपा ने यहां संदल प्रसाद और बसपा ने रामसमूझ सिंह को उम्मीदवार बनाया है। डॉ. रामसमूझ पूर्व इनकम टैक्स अफसर भी रह चुके हैं।

## सोशल मीडिया

### मुझे राजनीति में उतने साल जितनी मोदी की उम्र



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस तंज का जवाब देते हुए कि चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद खड़गे 'अपनी नौकरी गंवा देंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'मैं नौकरी करने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मैं बचपन से ही (लोगों की) सेवा करने के लिए राजनीति में हूं, अब मुझे उतने ही साल हो गए हैं जितनी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी की उम्र है।' खड़गे ने कहा, 'उन्हें चार जून के बाद अपनी नौकरी के बारे में सोचना चाहिए।' गौरतलब है 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने हैं।

### राजनीति में नहीं आऊंगा, यह मेरा काम नहीं, मैं अर्थशास्त्री हूं



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि परिवार की इच्छा का सम्मान करते हुए वह राजनीति में नहीं उतरना चाहते। इसके बजाय वह जहां संभव हो मदद करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मेरा काम राजनीति नहीं है। मैं अर्थशास्त्री हूं। मैं इस काम को बखूबी कर सकता हूं। अगर मुझे कहीं भी लगता है कि सरकार की नीतियां पटरी से उतर रही हैं तो मैं उसके बारे में बात करता हूं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं सरकार का हिस्सा हूं या नहीं।

## गडकरी संग कंगना





**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में अन्नी में लोकसभा चुनाव के लिए एक जनसभा के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर मंडी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत।

## कुल्लू में प्रियंका



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में एक जनसभा के दौरान बुधवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा।

## रविकिशन का चुनाव प्रचार



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में लोकसभा चुनाव के लिए एक जनसभा के दौरान भाजपा उम्मीदवार व अभिनेता रवि किशन और अन्य पार्टी नेताओं के साथ।

लोकसभा चुनाव 2024

चंडीगढ़ में भाजपा कांग्रेस के बीच वर्चस्व की जंग

# शिरोमणि अकाली दल प्रत्याशी के मैदान छोड़ने से दिलचस्प हुआ चुनाव

*लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण में चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर एक जून को मतदान होगा। इस बार इस सीट पर बदले सियासी समीकरणों के बीच भाजपा और कांग्रेस दोनों राष्ट्रीय दलों ने ही अपने प्रत्याशी बदल दिये हैं। भाजपा ने यहां लगातार दो बार से चुनाव जीतने वाली किरण खेर का टिकट काटकर संजय टंडन को प्रत्याशी बनाया है। जबकि इंडी गठबंधन की ओर से यहां चुनाव लड़ रही कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल के बजाए मनीष तिवारी पर दांव खेला है जबकि शिरोमिण अकाली दल के घोषित प्रत्याशी हरदीप सिंह बुटरेला के अपनी पार्टी से ऐन वक्त पर इस्तीफा देकर टिकट वापस करने की वजह से चंडीगढ़ सीट के लोकसभा चुनाव के सियासी समीकरण दिलचस्प बनते नजर आ रहे हैं। यहां अब भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर है, लेकिन यहां पैराशूट से उतारे प्रत्याशी को लेकर कांग्रेस पार्टी में भितरघात पनपने से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ सकती है। हालांकि यह तो चुनावी नतीजों से ही तय होगा कि इस सीट की चुनावी जंग जीतकर किस दल का प्रत्याशी लोकसभा पहुंचेगा?*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ एक केंद्र शासित प्रदेश है। भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काटकर भाजपा ने यहां स्थानीय दिग्गज नेता संजय टंडन पर दांव खेला है। जबकि इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस ने पिछले दो चुनाव में हार चुके पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल का टिकट काटकर दिग्गज नेता एवं पंजाब की आनंदपुर साहिब के मौजूदा सांसद मनीष तिवारी को यहां प्रत्याशी बनाया है। पवन बंसल का टिकट काटने से यहां स्थानीय कांग्रेस संगठन में भीतर घात बढ़ता नजर आ रहा है। कांग्रेस की इस सीट के लिए तैयार की गई यह चुनावी रणनीति घाटे का सौदा हो सकता है। दूसरी ओर इस सीट पर पिछले चुनाव में भाजपा की सहयोगी रही शिरोमणि अकाली दल के प्रत्याशी हरदीप सिंह बुटरेला ने चुनाव मैदान छोड़कर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, जिसका फायदा भाजपा को मिलने की संभावना बताई जा रही है। बुटरेला चंडीगढ नगर निगम के पार्षद भी हैं। इस सीट पर बसपा ने भी महिला प्रत्याशी रीतू सिंह पर दांव खेला है, जो भाजपा व कांग्रेस के मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की फिराक में है। यहां चुनाव मैदान में कूदे 19 प्रत्याशियों में एक दर्जन प्रत्याशी निर्दलीय रुप से चुनाव लड़ रहे हैं।



मनीष तिवारी



संजय टंडन

### यह है चुनावी इतिहास

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ के इतिहास में कहावत है कि इस सीट से जिस दल का प्रत्याशी निर्वाचित होता है, तो केंद्र में उसी दल की सरकार बनती है। ऐसी कहावत के बीच 18वीं लोकसभा चुनाव हो रहा है। लोकसभा के रुप में अस्तित्व में आए चंडीगढ़ सीट पर साल 1967 के पहले चुनाव में यहां भारतीय जनसंघ ने चुनाव जीता था, जिसके बाद 1971 में यहां कांग्रेस और 1977 में जनता पार्टी ने जीत हासिल की थी। 1980 और 1984 के चुनाव में यहां लगातार कांग्रेस के जगन्नाथ कौशल विजयी होकर लोकसभा पहुंचे, लेकिन 1989 में फिर यहां कांग्रेस की वापसी कराने में पवन बंसल सफल रहे, लेकिन 1996 और 1998 के चुनाव में यहां भाजपा के सत्यपाल जैन ने भगवा फहराया। इसके बाद 1999 से 2009 के तीन चुनाव में कांग्रेस के पवन कुमार बंसल लोकसभा पहुंचे और यूपीए सरकार में मंत्री भी बने। जबकि मोदी लहर में 2014 और 2019 का चुनाव भाजपा की किरण खेर ने जीतकर कांग्रेस को पीछे धकेल दिया, लेकिन इस बार भाजपा और कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी बदलकर चुनावी समीकरण को नया मोड़ दे दिया है। केंद्र शासित चंडीगढ की एक मात्र लोकसभा सीट पर एक जून को होने वाले मतदान के लिए कुल 6,47,291 मतदाता हैं। केंद्र शासित राज्य की चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर 18 से 39 वर्ष आयु वर्ग के मतदाता किसी भी सांसद का चुनाव करने के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं, जिनकी 3,02,851 यानी 47 फीसदी है।

### जातीय समीकरण

यदि चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण पर गौर की जाए, तो यहां की 97 फीसदी जनसंख्या शहरी है और तीन फीसदी ग्रामीण आबादी है। इनमें करीब 80 फीसदी आबादी हिंदू और करीब 20 फीसदी सिख समुदाय की आबादी हैं। हिंदू आबादी में 18.9 फीसदी अनुसूचित जाति के मतदाता भी शामिल है। जबकि मुस्लिम और ईसाई जनसंख्या 5 फीसदी के आसपास है।

### भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी संजय टंटन लंबे समय तक चंडीगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं और उन्हीं के इस कार्यकाल में भाजपा ने पिछले दोनों लोकसभा चुनाव और नगर निगम चुनाव में जीत हासिल की थी। टंडन भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दिग्गज नेता एवं पूर्व राज्यपाल बलराम टंडन के सुपुत्र हैं। भाजपा प्रत्याशी पेशे से चार्टेड अकाउंटेंट हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी किरण खेर की जीत में उनकी सक्रीयता का बड़ा योगदान माना गया है। कांग्रेस के प्रत्याशी मनीष तिवारी 15वीं लोकसभा में लुधियाना से सांसद निर्वाचित हुए थे, तो साल 2019 में वे आनंदपुर साहिब से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। वे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं के पैनल में भी रहे हैं।

पंजाब में राहुल गांधी का बड़ा ऐलान

# 'इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही होगा किसानों का कर्जा माफ'

एजेंसी ▶▶| लुधियाना

लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें और आखिरी चरण के लिए सभी सियासी दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार (29 मई) को पंजाब के लुधियाना में एक रैली को संबोधित किया। राहुल गांधी ने इस दौरान किसानों से एक बड़ा वादा किया। उन्होंने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के तुरंत बाद किसान कर्जा माफी आयोग बनाने की बात कही। राहुल गांधी ने किसानों की कर्ज माफी का ऐलान करते हुए कहा कि जैसे ही इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, हम किसानों का कर्जा माफ कर देंगे। उन्होंने कहा कि ठीक उसी तरह जैसी वो (बीजेपी) अरबपतियों का कर्ज माफ करते हैं। राहुल गांधी ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।



### 'बनाया जाएगा किसान कर्जा माफी आयोग'

कांग्रेस सांसद ने कहा कि हम केवल एक बार किसानों का कर्जा माफ नहीं करेंगे, इसके लिए हम एक आयोग बनाएंगे, जिसे किसान कर्जा माफी आयोग कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को जब भी कर्जा माफी की जरूरत होगी, वो आयोग सरकार को बताएगा और हम कर्जा माफ करेंगी। उन्होंने आगे कहा, "एक बार-दो बार-तीन बार, जितनी बार भी किसान को जरूरत होगी, हम उसका कर्जा माफ करेंगे। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता." उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ की हड्डी है और उसकी सुरक्षा होनी चाहिए।

ओडिशा के बालासोर में बोले प्रधानमंत्री

# 10 साल में बिना घोटाले की सरकार चलाई हमने : मोदी

एजेंसी ▶▶| बालासोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओडिशा के बालासोर की चुनावी रैली में कहा कि किसी ने सोचा नहीं था कि जम्मू कश्मीर में शांति आएगी। हमने 370 की दीवार गिराई। आज वहां रिकॉर्ड मतदान हो रहा है। कोटि-कोटि रामभक्त, रामकाज से जुड़े कारसेवक भी अयोध्या में मंदिर की उम्मीद छोड़ चुके थे। आज 500 साल का इंतज़ार खत्म हो चुका है। हमारे रामलला टेंट से निकलकर, भव्य मंदिर में विराजे हैं। 10 साल पहले लोगों को लगता था कि घोटालों को रोकना असंभव है। 10 साल में बिना घोटाले की सरकार हमने चलाई है। 10 साल पहले लगता था कि आतंकवाद नहीं थामा जा सकता। हमने देश के बड़े शहरों को बम धमाकों से मुक्त करके दिखाया है।



### ओडिशा को लूट रहे बीजद, कांग्रेस

पीएम मोदी ने कहा कि ओडिशा में तो जहां कदम रखो, वहां प्राकृतिक संपदा है, वहां समृद्धि है। ओडिशा सिर्फ इसलिए गरीब है, क्योंकि इसको पहले कांग्रेस के नेताओं ने लूटा और 25 साल से बीजद के नेता लूट रहे हैं। 10 जून को जब भाजपा की सरकार बनेगी और ओडिया बेटी या बेटा शपथ लेगा, तब एक स्पेशल कमेटी बनेगी। ये कमेटी जांच करेगी कि एक साल में ही नवीन बाबू की तबीयत ऐसे खराब कैसे हो गई। जांच करके सारी सच्चाई देश और ओडिशा के सामने लाएगी।

पंजाब के पूर्व सीएम लड़ रहे हैं जालंधर संसदीय सीट से चुनाव

# चन्नी को मिलेगी चुनौती, दलित मतदाता तय करेंगे जीत हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब की जालंधर लोकसभा सीट पर मुकाबला बहुत ही रोमांचक है। यहां भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर है। यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां दल-बदलू का मेला लगा हुआ है। अब देखना यह दिलचस्प होगा की जनता किसे चुनती है। जालंधर सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। इस सीट का महत्व इसलिए भी और बढ़ जाता है क्योंकि यहां से देश के 12वें प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल ने चुनाव जीगा था। इसलिए अपने गढ़ को बचाने के लिए कांग्रेस ने मैदान में सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को उतारा है। वे एक दलित चेहरा है और कांग्रेस को उनसे उम्मीद है कि वे कांग्रेस को इस सीट से जीत दिलाने में कामयाब होंगे।

### भाजपा के रिंकू

भारतीय जनता पार्टी ने यहां से सुशील रिंकू को टिकट दिया है, वे यहां से मौजूदा सांसद हैं। सुशील रिंकू को पहले आप ने अपना प्रत्याशी घोषित किया था। लेकिन उन्होंने आम आदमी पार्टी का दामन छोड़कर भाजपा में चले गए। पंजाब की जालंधर लोकसभा सीट पर मुकाबला बहुत ही रोमांचक है। यहां सुशील रिंकू ने पिछले वर्ष ही कांग्रेस का पाला छोड़ा था और आप में शमिल हुए थे। वहीं आम आदमी पार्टी ने दो बार के विधायक और शिरोमणि अकाली दल के पूर्व नेता पवन कुमार टीनू को प्रत्याशी बनाया है। वे हाल ही आप में शामिल हुए हैं। सुखबीर सिंह बादल नीत शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने जालंधर सीट से कांग्रेस के पूर्व नेता मोहिंदर सिंह कायपी को खड़ा किया है। कायपी ने पिछले महीने ही शिअद का हाथ थामा है। मायावती की पार्टी बहुजन समाज ने बलविंदर कुमार को अपने उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतारा है।



### पिछले साल हुआ था उपचुनाव

2019 में जालंधर लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी संतोख चौधरी जीते थे। लेकिन उनके असामयिक निधन के बाद यहां मई 2023 में उपचुनाव कराए गए जिसमें आम आदमी पार्टी के सुशील कुमार रिंकू ने 34 प्रतिशत वोट हासिल कर जीत अपने नाम दर्ज की। पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव 1 जून को है। जालंधर लोकसभा सीट में कुल मतदाताओं की संख्या 16.54 लाख है, जिसमें अनुसूचित जाति की संख्या बाहुल्य है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत नौ विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

### मैदान पर हैं कई प्रतिद्वंद्वी

61 साल के चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ जालंधर सीट पर कई दूसरे मजबूत प्रतिद्वन्दी मैदान में हैं। आम आदमी पार्टी से पवन टीनू, बीजेपी से सुशील रिंकू, शिरोमणि अकाली दल से मोहिंदर सिंह केपी और बहुजन समाज पार्टी से बलविंदर कुमार जालंधर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। बता दें कि जालंधर सीट पर दलित मतदाता सबसे ज्यादा हैं और हार-जीत का फैसला भी इनके वोट से ही तय होता है। इस लोकसभा सीट पर दलित मतदाता 37 प्रतिशत हैं जबकि पूरे पंजाब में देशभर में सबसे ज्यादा दलित वोटर हैं और यह आंकड़ा 32 प्रतिशत है।

### कोई आपराधिक मामला नहीं

चन्नी की एजुकेशन की बात करें तो उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी से बीए, एलएलबीकी डिग्री ली है। वहीं पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी से उन्होंने एमबीए किया है। उन्होंने साल 2016 में पंजाब यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में एमए भी किया है। इसके अलावा पीयू चंडीगढ़ से डॉक्टरेट (पीएचडी) की भी डिग्री हासिल की है। चुनावी हलफनामे के मुताबिक, चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ कोई भी आपराधिक मुकदमा नहीं है। उन्होंने चुनावी एफिडेविट में बिजनेस को अपनी आय का मुख्य जरिया बताया है।

रायपुर
गुरुवार 30 मई 2024
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 22, अंक : 311
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 45.5
न्यून. 32.4

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 17 फिल्मों में बने कृष्ण लोग भगवान मान...
विचार पेज
2 जन सरोकार हो पत्रकारिता का उद्देश्य

# महानदी गोदावरी कछार के पानी का उद्योगों पर 136 करोड़ बकाया, किसान भी 14 करोड़ के कर्जदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की सिंचाई परियोजनाओं में से एक महानदी गोदावरी कछार के पानी का 136.45 करोड़ रुपए उद्योगों ने नहीं दिया है। किसान भी तकरीबन 14 करोड़ के कर्जदार हो गए हैं। यह एक परियोजना का हाल है। इधर, महानदी परियोजना अंतर्गत गंगरेल का पानी का भी उद्योगों और किसानों के साथ निस्तारी के लिए बंटवारा होता है। यहां भी बकाया बताया जा रहा है। अकेले धमतरी जिले में ही किसानों पर तीन करोड़ का कर्ज है। गौरतलब है, खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए बांधों से पानी दिया जाता है। राज्य के किसानों से सिंचाई के लिए उपयोग किए जाने वाले पानी के लिए सिंचाई कर लिया जाता है। महानदी गोदावरी कछार परियोजना में अब भी किसानों पर 14.20 करोड़ सिंचाई कर बकाया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2019-20 और 2020-21 में किसानों के सिंचाई कर का माफ करने की घोषणा की थी। घोषणा के आधार पर किसानों के करीब 207 करोड़ का सिंचाई कर भी माफ किया गया है। छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पिछली सरकार ने किसानों का पानी का कर्ज माफ किया था, अब देना होगा शुल्क

खास खबर

### 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर

*उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सिंचाई परियोजनाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। राज्य की लगभग 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और काफी हद तक कृषि पर निर्भर है। राज्य में औसत वर्षा 1300 मिमी है और पूरा राज्य धान-जलवायु क्षेत्र में है। मानसून में बदलाव का सीधा असर कृषि फसलों मुख्यतः धान पर पड़ता* ▶▶ शेष पेज 4 पर



### उद्योगों पर 136.45 करोड़ बकाया

राज्य में उद्योगों को भी उसके औद्योगिक जरूरतों के आधार पर बांधों के माध्यम से पानी दिया जाता है। महानदी गोदावरी कछार से उद्योगों को दिए जाने वाले पानी का कूल 136.45 करोड़ रुपए बकाया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि उद्योगों के बकाया का यह आंकड़ा अनुमानित जून के अंत में इसका अंतिम ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रसायन फैक्टरी विस्फोट केस में एक और गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के डोंबिवली में पिछले सप्ताह रसायन फैक्टरी में विस्फोट मामले में कंपनी के एक और निदेशक को गिरफ्तार किया गया है। फैक्टरी के रिएक्टर में विस्फोट की घटना में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### ड्रग्स मामले में ईडी ने कई स्थानों पर की छापेमारी



**चंडीगढ़।** ईडी ने मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को पंजाब के कई स्थानों पर छापेमारी की। इस मामले में जगदीश सिंह उर्फ भोला मुख्य आरोपी है। रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों पर छापेमारी की गई।

### चौरी-चौरा एक्सप्रेस में लगी आग



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में दिल्ली-हावड़ा रेल खंड पर गोरखपुर से कानपुर जा रही चौरी-चौरा एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी के पहियों में बुधवार को अचानक आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थित दिल्ली-हावड़ा रेल खंड के भरवारी रेलवे स्टेशन पर यह दुर्घटना हुई।

## छिंदवाड़ा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में सामूहिक हत्याकांड, आरोपी ने कर ली खुदकुशी

# सनकी ने नवविवाहिता पत्नी समेत परिवार के आठ सदस्यों को कुल्हाड़ी से काट डाला

- **शादी के 8 दिन बाद ही आरोपी ने कर दी परिवार की हत्या**
- **मौके पर पहुंची पुलिस टीम, पूरे गांव को किया गया सील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में बुधवार को मानसिक रुप से विक्षिप्त व्यक्ति ने अपने संयुक्त परिवार के आठ लोगों की कुल्हाड़ी से काटकर कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि यह घटना बोदल कछार गांव में देर रात करीब 2.30 बजे हुई। इसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने संवाददाताओं को बताया कि दिनेश सरियाम (26) नामक व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त था और उसकी 21 मई को शादी हुई थी। अधिकारी ने बताया कि उसने अपनी पत्नी, ▶▶ शेष पेज 4 पर

*मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की अंतिम सीमा में बसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्राम बोदलकछार में गांव में एक शख्स ने भाई-भाभी, पत्नी समेत अपने ही परिवार के 8 लोगों की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्या के आरोपी ने खुद पेड़ पर फांसी लगा ली। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी ने मनीष खत्री ने परिवार के 8 लोगों के मौत की पुष्टि की है।*



### हत्या का कारण नहीं आया सामने

*आठ लोगों की हत्या के मामले में अब तक कारण का पता नहीं चला है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त था और उसने कुल्हाड़ी लेकर माता-पिता पत्नी भाई बहन भतीजी सहित परिवार के आठ लोगों को मौत के घाट उतार दिया, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भी घर से थोड़ी दूर जाकर फांसी के फंदे में लटक गया।*



### सबसे पहले पत्नी को उतारा मौत के घाट

*पुलिस के मुताबिक आरोपी की शादी बीते 21 मई को हुई थी और सबसे पहले उसने पत्नी को ही मौत के घाट उतारा आरोपी द्वारा फिर 55 वर्षीय मां, 35 वर्षीय भाई, 30 वर्षीय भाभी, 16 वर्षीय बहन, 5 वर्षीय भतीजी, 4 एवं डेड वर्षीय दो भतीजियों को कुल्हाड़ी मार के मौत के घाट उतार दिया पुलिस ने घटनास्थल से कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है।*

### मुख्यमंत्री ने दिए जांच के निर्देश

*मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि यह घटना दुःखद है, ऐसी घटना सभी को झकझोर देती है। दुःख की इस घड़ी में मैं प्रभावित परिवार के साथ हूं। इस घटना की जांच कराएंगे। मंत्री संपतिया उइके को छिंदवाड़ा जाने के लिए कहा है। संपतिया उइके जी वहां जाकर बचे हुए परिवार के लोगों से मिलेंगी। प्रारंभिक जांच में नवयुवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया गया है। मुझे इस बात का बहुत दुःख है. शोक की इस घड़ी में सरकार मदद करेगी।*

## मुठभेड़ में महिला समेत दो इनामी नक्सली ढेर





### एक महिला और एक पुरुष नक्सली के शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बीजापुर जिले के बन्देपारा के जंगलों में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया। सुरक्षाबलों ने दोनों नक्सलियों के शव के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक व नगद बरामद किया है। मारे गए नक्स्ली की शिनाख्त मंगलू कुडियम निवासी गुजाकोंटा मिलिशिया कमांडर व दंतेवाड़ा जेल ब्रेक आरोपी के रूप में की गयी है। वहीं एक अन्य महिला नक्सली की शिनाख्त मनीला के रूप में हुई, जिस पर 8 लाख रुपए ▶▶ शेष पेज 4 पर

- **मारा गया नक्सली दंतेवाड़ा जेल ब्रेक का आरोपी, दोनों पर 9 लाख का था इनाम घोषित**

सर्च अभियान के दौरान सुबह 7-8 बजे के बीच कोरंजेड़-बंदेपारा के बीच जंगल में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान 1 महिला व 1 पुरुष माओवादी के शव के साथ 7.66 एमएम पिस्टल, 12 बोर सिंगल शॉट बंदूक, टिफिन बम, जिलेटीन स्टिक, ▶▶ शेष पेज 4 पर

*ओडिशा मुख्यमंत्री की सेहत पर प्रधानमंत्री का सवाल*

## सीएम के कांपे हाथ, पीएम बोले- नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र तो नहीं

एजेंसी ▶▶ बारीपदा/बालासोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य में अचानक आई गिरावट के पीछे 'साजिश' की आशंका जताते हुए बुधवार को वादा किया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो वह इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगी। मयूरभंज और बालासोर ▶▶ शेष पेज 4 पर



### इधर, पटनायक का जवाब, कहा-मेरी सेहत ठीक, कर रहा हूं चुनाव प्रचार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को कहा कि उनकी सेहत ठीक है और वह लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव ▶▶ शेष पेज 4 पर

### असम सीएम ने साझा किया था वीडियो

सीएम नवीन पटनायक के स्वास्थ्य की स्थिति पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि पांडियन ओडिशा के मुख्यमंत्री के हाथ की गतिविधियों को भी नियंत्रित कर रहे हैं।




## इंडिगो में नई सुविधा

### विमान में महिलाएं कर सकेंगी सीट का चयन

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने बाजार अनुसंधान के बाद महिला यात्रियों के लिए विशेष सुविधा की पेशकश की है। इसके तहत सीट बुक करने वाली महिलाएं अब वेब चेक-इन के समय अन्य महिला यात्रियों द्वारा बुक की गई सीटों के बारे में जान सकती हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन है। इसकी बाजार हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक है। अप्रैल में 80 लाख यात्रियों ने इंडिगो की सेवाएं लीं।

## सुप्रीम झटका

### केजरीवाल 2 जून को जाना होगा जेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने उनकी अंतरिम जमानत अवधि को सात दिन और बढ़ाने की याचिका को स्वीकार करने से इंकार कर दिया है। उन्हें अब 2 जून तक फिर तिहाड़ जेल में सरेंडर करना होगा। केजरीवाल ने उनकी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाए जाने संबंधी अपनी याचिका को सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सूचीबद्ध किए जाने का मंगलवार को अनुरोध किया था। इधर, केजरीवाल ने कहा है कि वह 2 जून को जेल जाने के लिए तैयार हैं।



## चिंतन

# लगातार बढ़ रही गर्मी के लिए जिम्मेदार हम सब

देश का बड़ा हिस्सा गर्मी से झुलस रहा है। उत्तरी भारत ने तो मानो तंदूर का रूप ले लिया है। केवल इंसान, पशु, पक्षी ही नहीं फसलें, पेड़-पौधे भी जल रहे हैं। नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को तो देश में सबसे ज्यादा गर्मी का रिकॉर्ड दिल्ली ने तोड़ दिया। मंगेशपुर में दोपहर का तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश और राजस्थान में पारा दशकों के रिकॉर्ड तोड़ चुका है। जो हो रहा है इसके लिए कोई और नहीं बल्कि हम खुद जिम्मेदार हैं। मानवीय गतिविधियां जो वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैस छोड़ती हैं, तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि कर रही हैं, प्रति दशक औसतन 0.2 डिग्री फ़ारेनहाइट (0.1 सेल्सियस)। तीन अतिरिक्त प्राकृतिक कारक भी इस वर्ष वैश्विक तापमान और ईंधन आपदाओं को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। दुर्भाग्य से, ये कारक इस तरह से मिल रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। इससे भी बदतर, हम कम से कम 2025 तक असामान्य रूप से उच्च तापमान जारी रहने की उम्मीद कर सकते हैं, जिसका मतलब है कि निकट भविष्य में मौसम और भी अधिक गरम होगा। मनुष्यों ने वायुमंडल में बड़ी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसें छोड़ कर 1900 के बाद से वैश्विक औसत तापमान लगभग 2 फ़ारेनहाइट (1.1 C) बढ़ा दिया है। उदाहरण के लिए, मनुष्यों ने मुख्य रूप से वाहनों और बिजली संयंत्रों में जीवाश्म ईंधन के दहन के माध्यम से वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा 50 प्रतिशत तक बढ़ा दी है। ग्रीनहाउस गैसों से होने वाली गर्मी वास्तव में 2 फ़ारेनहाइट (1.1 C) से अधिक है, लेकिन इसे वायु प्रदूषण जैसे शीतलन प्रभाव वाले अन्य मानवीय कारकों द्वारा छिपा दिया गया है। यदि मानव प्रभाव ही एकमात्र कारक होता, तो प्रत्येक क्रमिक वर्ष अब तक के सबसे गर्म वर्ष के रूप में एक नया रिकॉर्ड स्थापित करता, लेकिन ऐसा नहीं होता है। बड़े पैमाने पर अल नीनो प्रभाव के कारण पिछली बार वर्ष 2016 अब तक का सबसे गर्म वर्ष था। अब 2024 उसे पीछे छोड़ रहा है। अगर हालात ऐसे ही रहे तो न केवल मानव बल्कि पूरी धरती पर जीवन ही कठिन हो जाएगा। कुछ मौसम विज्ञानी तो मानते हैं कि अगले कुछ साल बहुत कठिन हो सकते हैं। यदि अगले वर्ष एक मजबूत अल नीनो विकसित होता है, जो सौर अधिकतम और हंगा टोंगा-हंगा हा आपाई विस्फोट के प्रभावों के साथ संयुक्त होता है, तो पृथ्वी का तापमान संभवतः अज्ञात ऊंचाई तक बढ़ जाएगा। जलवायु मॉडलिंग के अनुसार, इसका मतलब संभवतः और भी अधिक गर्मी की लहरें, जंगल की आग, अचानक बाढ़ और अन्य चरम मौसम की घटनाएं होंगी। हाल के वर्षों में मौसम और जलवायु दोनों पूर्वानुमान बहुत विश्वसनीय हो गए हैं, जो पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले उपग्रहों से बड़ी मात्रा में डेटा और समुद्र, भूमि और वायुमंडल के जटिल घटकों के बीच गर्मी और पानी के प्रवाह और अंतरसंबंध की भविष्यवाणी करने के लिए विशाल सुपरकंप्यूटिंग शक्ति से लाभान्वित हो रहे हैं। केवल मौसम की पहले जानकारी मिल जाने से इंसान सतर्क तो हो सकता है, लेकिन उसमें बदलाव नहीं कर सकता। हम ऐसे कदम उठाने होंगे जिससे पूरे दुनिया पर मंडरा रहे खतरे को खत्म किया जा सके। अब तुरंत जरूरत इस बात की है कि खुद को और अपने परिवार को गर्मी से बचाकर रखें। दोपहर के समय अगर जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। बार-बार पानी पीते रहें। ऐसे फल खाए जिनमें पानी की मात्रा ज्यादा हो। तभी इस गर्मी से निपट पाएंगे। हां, याद रखे गर्मी का मौसम खत्म होते ही भूलें नहीं। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और प्रकृति से दोस्ती करें।



## हिंदी पत्रकारिता दिवस

डॉ ऐश्वर्या झा

# जन सरोकार हो पत्रकारिता का उद्देश्य

दी पत्रकारिता की शुरुआत 30 मई 1826 को पेशे से वकील पं. जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा बंगाल में की गई थी। पत्र का नाम था 'उद्दत मार्तंड' मगर आर्थिक दबावों के कारण इस पत्र को जल्द ही बंद करना पड़ा। उद्दंत मार्तंड का सूर्य मीडिया क्रांति के अनगिनत रूपों का सामना करता हुआ आज भी प्रजातंत्र का मज़बूत चौथा स्तम्भ है। समाचार पत्रों को समाज का दर्पण माना जाता है। समाचार पत्र-पत्रिकाएं आम नागरिकों को सशक्त बनाती हैं। हिन्दी पत्रकारिता आज़ादी के बाद लोकतंत्र के लिए पत्रकारिता रक्षक का कार्य करती रही है। जरूरत इस बात की है कि हिंदी पत्रकारिता बौद्धिकता बरक़रार रखे। उसे विकास और परिवर्तन का वाहक बनना होगा।

दो में से क्या तुम्हें चाहिए कलम या कि तलवार। कलम देश की बड़ी शक्ति है भाव जगाने वाली, दिल की नहीं दिमागों में भी आग लगाने वाली कलम की इसी ताक़त को मज़बूती से बयां करता है...पत्रकारिता का विशाल संसार। प्रजातांत्रिक व्यवस्था के तीन स्तंभ व्यवस्थापिका, कार्यपालिका, और न्यायपालिका है, किंतु प्रजातांत्रिक व्यवस्था एवं समाज के मध्य समन्वय, तारतम्यता एवं नागरिकों में दायित्व बोध कराने वाला चौथा स्तम्भ पत्रकारिता ही है। भारत में सबसे अधिक पाठक एवं समाचार पत्र हिंदी के हैं। हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत 30 मई 1826 को पेशे से वकील पं. जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा बंगाल में की गई थी। पत्र का नाम था 'उद्दत मार्तंड' मगर आर्थिक दबावों के कारण इस पत्र को जल्द ही बंद करना पड़ा। इसका आखिरी अंक 4 दिसंबर 1827 को निकला। 1826 में उदित हुआ उद्दंत मार्तंड का सूर्य मीडिया क्रांति के अनगिनत रूपों का सामना करता हुआ आज भी प्रजातंत्र का मज़बूत चौथा स्तम्भ है।

इक्कीसवीं सदी में जब इंटरनेट के प्रसार के कारण और मोबाइल क्रांति के कारण हर व्यक्ति पत्रकार होता जा रहा है। भारत में ऑडियो-विजुअल, डिजिटल माध्यम और ऑनलाइन मीडिया के दौर में भी प्रिंट मीडिया का विकास नहीं रुका है। भारत सरकार की वार्षिक रिपोर्ट 'प्रेस इन इंडिया 2022-23' के अनुसार 31 मार्च, 2023 तक देश में अलग अलग समाचार पत्र एवं पाठक की संख्या के अनुसार हिंदी समाचार पत्र 4496 एवं 10. 79 करोड़ पाठक के साथ दूसरी भाषा से कई गुना आगे है। हिंदी के बाद उर्दू (1123 एवं 2. 02 करोड़पाठक), तेलुगु (1078 एवं 1. 38 करोड़ पाठक) एवं अंग्रेजी (811 एवं 2. 27 करोड़ पाठक) भाषा का स्थान है। पत्रिकाओं में भी हिंदी की 16,782 पत्रिकाएं पंजीकृत एवं मराठी में 2,753 पत्रिकाएं, अंग्रेजी की 2443, तेलुगु की 2279, गुजराती की 2019 एवं उर्दू की 1705 पत्रिकाएं पंजीकृत हैं। देश में हिंदी दैनिक समाचार पत्रों एवं पंजीकृत पत्रिकाओं की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले कुछ वर्ष में पत्रकारिता के क्षेत्र में कई अहम बदलाव हुए हैं जिनका प्रभाव पत्रकारों के साथ-साथ उनके पाठकों पर भी पड़ता है। हिंदी पत्रकारिता और पत्रकारों की भूमिका में निरंतर बदलाव आया है। हिंदी पत्रकारिता में डिजिटल माध्यम पर ज़ोर दिया जाता है। मोबाइल इंटरनेट क्रांति एवं डिजिटल मीडिया की लोकप्रियता ने न्यूज़ देने के माध्यम में कई बदलाव आए हैं। राजनीति एवं सामाजिक ध्रुवीकृत माहौल के कारण कई समाचार स्त्रोतों में व्यापक अविश्वास पैदा हो गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीपफेक आदि ने समाचार पत्र की अहमियत को पुनः बढ़ा दिया है। आज पत्रकार और पत्रकारिता के प्रतिमान बदल गए हैं या बदल दिए गए हैं। बालकृष्ण भट्ट, महावीर प्रसाद द्विवेदी, गणेश शंकर विद्यार्थी, विष्णुराव पराड़कर, धर्मवीर भारती जैसे महान सम्पादकों की श्रृंखला आज समाप्त प्राय सी हो गई है जिसका प्रमुख कारण मीडिया और पत्रकारिता का घोर व्यावसायिक होना है। हिंदी व्याकरण को ध्यान में रखते हुए शुद्ध लेखन शैली आज के पत्रकार के लिए चुनौती है



क्योंकि हिंदी में बिंदी का भी बड़ा महत्व रहता है, अर्थ का अनर्थ और शब्दांश की व्यापक सार्थकता भी प्रभावित हो जाती है।

आज देश में आम चुनाव अपने आख़िरी चरण की ओर अग्रसर हैं, जिसमें अपनी भूमिकाओं को पूरा करने के लिए, प्रिंट मीडिया को अपने कवरेज में उच्च स्तर की व्यावसायिकता, सटीकता और निष्पक्षता बनाए रखने की आवश्यकता है। बिना अख़बार के समाचार के चुनाव अकल्पनीय है या यूं कहें कि असंभव है। एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव न केवल मतदान करने की स्वतंत्रता और वोट देने के तरीके की जानकारी के बारे में है, बल्कि एक भागीदारी प्रक्रिया के बारे में भी है, जहां मतदाता सार्वजनिक बहस में भाग लेते हैं और उन्हें पार्टियों, नीतियों, उम्मीदवारों और चुनाव प्रक्रिया के बारे में पर्याप्त जानकारी होती है। यह सारे काम आज की पत्रकारिता करती है। वो इस कार्य में कितनी सफल है यह विचार का विषय है। ऐसा नहीं है कि अब पत्रकारिता ने सामाजिक बदलाव में उत्प्रेरक नहीं बनी है, किंतु पेड न्यूज़ एवं सत्ता के साथ या खिलाफ का आरोप भी लगा है। निर्भया केस, हालिया पुणे में नाबालिग द्वारा ड्राइविंग केस कई ऐसे उदाहरण हैं जिसमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के दबाव ने अपराधियों को पकड़ने में सहायता की है। प्रेस का काम सूचना देने के साथ-साथ शिक्षित भी करना है। जनता को सरकार की नीतियों के बारे में अवगत कराना है। जनमत निर्धारित करने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इसी कारण सम्पादकों, रिपोर्टरों से निष्पक्षता अपेक्षित होती है। भारत में मुख्यधारा की पत्रकारिता या तो सरकार की पूर्णरूपेण समर्थक या पूर्णरूपेण सरकार विरोधी रुख से ग्रस्त रही है। इससे आम लोगों से संबंधित मुद्दों की उपेक्षा होती है। इस तरह का चरम दृष्टिकोण लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

डिजिटल क्रांति के तकनीकों ने मीडिया के क्षेत्र को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। विज्ञापन के प्रभाव से यह क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा। चाहे वो अखबार का पहला पृष्ठ हो या न्यूज़ चैनल का समाचार बुलेटिन, खबरें नहीं होतीं। पहले पृष्ठ पर ही रंग-बिरंगे विज्ञापन और चैनलों में 'स्पोंसर' (प्रायोजक)। समय और स्थान जब विज्ञापन ले रहे हैं तब उनमें ख़बरों की सत्यता की जगह पर सवाल उठना तो लाजिमी है।

जब समाचार पत्र निकालने के साधन सीमित थे, आर्थिक सहायता न के बराबर थी तब सम्पादक निर्भीक, स्वतंत्र थे, उन पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं था। उनका 'टारगेट ' मनुष्य था, पूंजी कमाना नहीं। आज की पत्रकारिता की विडंबना यह है कि नए तकनीक की सुविधाओं ने मीडिया की व्यापकता को विस्तार तो दिया, किन्तु उसकी वस्तुपरक स्थिति और साख में निरंतर गिरावट आई है। गैब्रिएल गार्सिआ मार्खेज़ ने कहा है कि यदि कविता में एक भी सच हो तो पूरी कविता महत्वपूर्ण हो जाती है और समाचार में एक भी झूठ हो तो पूरा समाचार बेकार हो जाता है। आज जब हाथ में कैमरा लिए हर व्यक्ति पत्रकार बन गया है, समाचार मिलते नहीं बनाए जा रहे हैं। ऐसे समय में यह पत्रकारों के साथ-साथ अन्य हितधारकों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि समाचार की सत्यता को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। सार्वजनिक संवाद को बढ़ावा, सरकारी तंत्र को जवाबदेह, स्वतंत्र पत्रकारिता, नैतिकता का पालन करना आज की पत्रकारिता का उद्देश्य होना चाहिए।

समाचार पत्रों को समाज का दर्पण माना जाता है। समाचार पत्र-पत्रिकाएं आम नागरिकों को सशक्त बनाती हैं। हिन्दी पत्रकारिता की कहानी भारतीय राष्ट्रीयता की कहानी है एवं आज़ादी के बाद लोकतंत्र के लिए पत्रकारिता रक्षक का कार्य करती रही है। जरूरत इस बात की है कि हिंदी पत्रकारिता अपनी बौद्धिकता बरक़रार रखे। उसे पुनः बाज़ारवाद को छोड़कर अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर सामाजिक विकास और परिवर्तन का वाहक बनना होगा।

(लेखिका त्रिपुरा विवि में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## हैपिनेस इंडेक्स रिपोर्ट

विरेंद्र कुमार यादव



# शांति, संतोष खुशी का आधार

दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में हैपिनेस करिकुलम लागू हुए 5 साल हो चुके हैं। साल 2018 में त्यागराज स्टेडियम में मशहूर आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने खुशी के पाठ्यक्रम का विमोचन करते हुए कहा था-'हरेक व्यक्ति अपने जीवन में खुशी चाहता है, मनुष्य जीवन का मकसद ही खुश रहना है, किंतु रोजमर्रा की भागदौड़ में हम अपने लिए एक घंटा भी नहीं निकाल पाते। आखिरकार खुशी के अहसास से वंचित ही रह जाते हैं। हैपिनेस यानी खुशी का संबंध इससे नहीं है कि हमारे पास प्रचुर मात्रा में भौतिक संसाधन हैं, या अथाह धन-संपदा है, बल्कि खुशी एक आंतरिक अवस्था है। यानी हैपिनेस का सीधा संबंध हृदयचक्र से है। विभिन्न परिस्थितियों में या तो हम अति-उत्साहित नजर आते हैं या फिर उदास हो जाते हैं। हैपिनेस की अनुभूति के लिए तमाम भावनात्मक परिस्थितियों के प्रति द्रष्टा भाव का बारंबार अभ्यास बेहद जरूरी है। इसके लिए 'माइंड फुलनेस' सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं कारगर एक्टिविटी है। माइंड फुलनेस कंप्लीट मेडिटेशन तो नहीं किंतु 'ध्यान' के करीब की एक सहज प्रक्रिया है। इसका संबंध किसी भी धर्म, संप्रदाय, जाति या वर्ग से नहीं है। यह मन-मस्तिष्क को बेचैन करने वाले असंख्य विचारों को शांत करने की प्रैक्टिस है। जब व्यक्ति का हृदय प्रफुल्लित होता है तो उसकी तरंगें मन के माध्यम से बाहर की ओर रिफ्लेक्ट होने लगती हैं। हैपिनेस एक भावनात्मक अवस्था है, जिसका स्त्रोत हर व्यक्ति के भीतर मौजूद है। आर्थिक समृद्धि की अपेक्षा व्यक्ति की हैपिनेस उसके भावनात्मक बदलाव पर अधिक निर्भर करती है। तमाम भौतिक संसाधन व ऐश्वर्य न होने के बावजूद यदि व्यक्ति के दिल में शांति है, अपनी दिनचर्या के प्रति रचनात्मक दृष्टिकोण है, पॉजिटिव सोच है तो उसकी लाइफ हैपिनेस से परिपूर्ण है। गौरतलब है कि हर साल संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी की जाने वाली 'वर्ल्ड हैपिनेस इंडेक्स' रिपोर्ट में भी अमीरी और भौतिक सुविधाओं का आकलन खुशी के संदर्भ में नहीं किया जाता। हाल ही में जारी यूएन की हैपिनेस इंडेक्स रिपोर्ट में, जिसमें दुनिया के 146 देशों को शामिल किया गया। यूरोप के देश फिनलैंड को विश्व का सबसे खुशहाल देश चुना गया। मनोविश्लेषकों की राय है कि हमारे देश में लोग पारस्परिक व्यवहार में पारदर्शिता की बजाय बौद्धिक चतुराई का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं, फलस्वरूप आंतरिक खुशी के अहसास से वंचित रह जाते हैं। इसके उलट फिनलैंड के निवासी आपसी व्यवहार में ईमानदारी बरतते हैं। फिनलैंड के लोगों की खुशी शांति, संतोष और सोशल सिक्योरिटी पर आधारित है। यहां के लोगों का क्षमाशीलता में अटूट विश्वास है। क्षमाशीलता ऐसा सद्गुण है, जिसके व्यावहारिक प्रयोग से हृदय में दीर्घकालिक खुशी का अहसास होता है। जरूरी नहीं है कि अरबपतियों से भरा देश हैपिनेस से परिपूर्ण हो। अमेरिका का रिकॉर्ड भी खुशहाली के लिहाज से अच्छा नहीं है। वहां सिर्फ आर्थिक विकास पर ध्यान दिया जाता है। वास्तव में हैपिनेस मापने के लिए आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा, पारस्परिक सहयोग व सहृदयता, शिक्षा की गुणवत्ता, मानसिक स्वास्थ्य, सामुदायिक सौहार्द, कर्तव्यनिष्ठा व पर्यावरण-संरक्षण जैसे कारकों पर विशेष ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी है। विश्व में 'हैपिनेस डे' का आगाज सर्वप्रथम भूटान द्वारा किया गया। भूटान दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जिसने जीडीपी के पीछे भागती-दौड़ती दुनिया को बतलाया कि खुशहाली का पैमाना 'सकल घरेलू उत्पाद' नहीं बल्कि 'सकल राष्ट्रीय खुशी' है। हैपिनेस को आत्मसात करने में भूटान के नागरिकों ने मिसाल कायम की है। भूटान के लोग यथार्थवादी और मिलनसार हैं, वे बड़ी कामयाबी हासिल करने की एवज में छोटी-छोटी खुशियों के पड़ावों को नजरअंदाज नहीं करते। भूटान के लोगों का विश्वास है कि जो दूसरों के प्रति सदैव करुणा और मंगल-मैत्री का भाव रखते हैं, उनका हृदय विषाद से मुक्त रहता है। यहां के लोग आत्मीयता और प्रेम को वरीयता देते हैं। अतीत पर पश्चाताप और भविष्य का भय छोड़कर वर्तमान का आनंद लेना ही भूटानवासियों के जीवन का मूलमंत्र है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एवं वर्ल्ड हैपिनेस रिपोर्ट के सह-संपादक जॉन हैलीवेल का कहना है कि किसी भी देश के नागरिकों के पारस्परिक विश्वास, लिबरल सोच व हैल्पिंग नेचर का हैपिनेस से सीधा संबंध है और फिनलैंड व भूटान के लोगों में ये तमाम गुण अन्य देशों की बनिस्पत ज्यादा मिलते हैं। फिनलैंड की यूनिवर्सिटी ओफ हेलसिंकी के मनोवैज्ञानिकों भी इस बात से सहमत हैं कि हैपिनेस के लिए आपसी भरोसा, दूसरे के हितों को तरजीह देना और उदारता सबसे अहम है। दिलचस्प बात यह है कि फिनलैंड में आप्रवासी व अजनबी भी उतने ही भरोसेमंद हो जाते हैं, जितने कि यहां के मूल निवासी।

(लेखक शिक्षा निदेशालय दिल्ली में उप प्रधानाचार्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित

**दर्शन**

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

# कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित

**प्रेरणा**

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूंगी। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेंगी। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया। वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देंगे क्योंकि मैंने सुना है कि कर्म का महत्व होता है। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा है। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### धर्म के नाम पर आरक्षण क्यों

हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट ने धर्म के नाम पर आरक्षण को गैर संवैधानिक बताते हुए इसे लागू न करने का आदेश देते हुए ममता बनर्जी सरकार को झटका दिया। जो मजहब के नाम पर आरक्षण की मांग कर रहे हैं, उनसे एक सवाल है कि मान लो धर्म विशेष का कोई व्यक्ति समृद्ध है, लेकिन उसका बच्चा पढ़ने-लिखने में कमजोर है या फिर पढ़ाई करने में लापरवाही बरतता है, लेकिन किसी कोर्स या नौकरी में उसे आरक्षण के कारण प्रवेश मिल जाता है और वहीं दूसरी तरफ किसी दूसरे मजहब के गरीब व्यक्ति का बच्चा पढ़ाई में दिन-रात मेहनत करता है, लेकिन उसे धर्म विशेष के आरक्षण के कारण कहीं कोर्स या नौकरी में प्रवेश नहीं मिलता है, क्योंकि हर जगह सीटों की संख्या सीमित होती है, क्या यह दूसरे धर्म के मेहनती युवाओं के साथ बेइंसाफी नहीं होगी? – *संदीप पाठक, रायगढ़*

## ट्रेंड

### मोदी का व्यवहार प्रेरणास्रोत



भीड़ के बीच मोदीजी ने उनकी हालत देखी और अपनी मेडिकल टीम को मदद करने की सलाह दी। उनकी इसी संवेदनशीलता, सबकी चिंता और सेवा भाव के कारण पूरा भारत उनके परिवार का सम्मान करता है। आम जीवन में मोदी का ऐसा व्यवहार हर किसी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### जलवायु संकट के कारण



जलवायु संकट के कारण उठ रही लहरों के बीच हम किसी भी देश का लुप्त हो जाना स्वीकार नहीं कर सकते। यह विचार कि जीवाश्म ईंधन उद्योग द्वारा मुनाफाखोरी के लिए एक संपूर्ण द्वीप राज्य को अतिरिक्त क्षति हो सकती है, बिल्कुल अश्लील है।

-एंटोनियो गुटेरेस, यूएन महासचिव

### पहले अपना ध्यान रखें



यदि आप मानवीय पीड़ा के बारे में वास्तव में कुछ करने के इच्छुक हैं, तो यह आवश्यक है कि आप सबसे पहले अपना ध्यान रखें, और इसके साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों का भी ध्यान रखें। शुरुआत करने का यही सबसे अच्छा तरीका है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### अच्छे नियमों का पालन



कुछ अच्छे नियम-भविष्य पर ध्यान दो। सिर्फ एक विक्रेता नहीं, बल्कि एक अच्छा व्यवसायी बनना सीखें। ग्राहक की बात सुनें, उन्हें यह लगभग हमेशा मिलता है। अपने सभी साझेदारों के साथ जीत-जीत वाले रिश्ते बनाएं। मजे करो, यह इसके लायक है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# एवरेस्ट पर बढ़ते कचरे को लेकर शेरपा ने जताई चिंता

एवरेस्ट पर्वत के महानतम गाइड में एक शेरपा गाइड कामी रीता ने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर पर बढ़ते हुए कचरे को लेकर चिंता व्यक्त की है।



उन्होंने एवरेस्ट दिवस पर नेपाल सरकार द्वारा सम्मानित किये जाने पर अपने संबोधन में यह चिंता जतायी। एवरेस्ट पर्वत शिखर पर रिकॉर्ड 30 बार चढ़ाई करने वाले शेरपा गाइड कामी रीता को नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ने बुधवार को यहां एवरेस्ट दिवस पर सम्मानित किया। आज ही के दिन 29 मई, 1953 को न्यूजीलैंड के पर्वतारोही एडमंड हिलेरी और नेपाली शेरपा तेनजिंग नॉर्गे ने पहली बार एवरेस्ट पर्वत शिखर पर पहुंचने में कामयाबी हासिल की थी। कामी रीता ने अपने संबोधन में कहा कि वह जमा हो रहे कचरे से बहुत चिंतित हैं। उन्होंने कहा, 'इस ओर तत्काल हमें ध्यान देना बहुत जरूरी है।' कामी रीता ने कहा कि एवरेस्ट दिवस वास्तव में सरकार द्वारा पर्वत शिखर के निकट स्थित शिविरों की सफाई के लिए अभियान चलाकर मनाया जाना चाहिए। एवरेस्ट पर्वत शिखर पर लगभग हर साल सफाई अभियान चलाए जाते हैं। नेपाली सैनिकों की एक टीम अभी भी एवरेस्ट पर मौजूद है और पिछले अभियानों के दौरान छोड़े गए कचरे को उठा रही है।

## ऑफ बीट

# जब पक्षी घर से दूर होते हैं तब भी गीत गाते हैं

वसंत के आगमन के साथ, एक सदियों पुराना सिलसिला एक बार फिर शुरू होता है और सदा की तरह नर पक्षी मादा को आकर्षित करने और अन्य



प्रतिस्पर्धी नर से अपने क्षेत्र की रक्षा करने के लिए हवा को अपने गीतों से भर देते हैं। लेकिन हम अभी भी इस बारे में बहुत कुछ नहीं समझ पाए हैं कि पक्षी गाना कैसे सीखते हैं। हमारा नवीनतम अध्ययन नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है और सुझाव देता है कि जीन वैज्ञानिकों की अपेक्षा से अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विश्व की लगभग आधी पक्षी प्रजातियों में, युवा पक्षी वयस्कों के गीतों की नकल करके सीखते हैं। जैसे-जैसे पक्षी एक-दूसरे से गीत सीखते हैं, गलतियाँ अनिवार्य रूप से होती हैं, जिससे एक ही प्रजाति की आबादी के बीच गीतों में भिन्नता होती है, जैसे मानव भाषाओं में बोलियों में फर्क होता है। मादा पक्षी आमतौर पर उन नर को पसंद करती हैं जो स्थानीय आबादी के विशिष्ट गीत गाते हैं, क्योंकि इससे पता चलता है कि वे आस-पास के वातावरण के लिए अच्छी तरह से अनुकूलित हैं। इसके अतिरिक्त, क्षेत्रों की रक्षा के लिए गाने महत्वपूर्ण हैं। बाहरी गीत गाने वाले नर पक्षी अक्सर स्थानीय प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ उतने सफल नहीं हो पाते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



फिटनेस

# हेल्थ-फिटनेस के लिए यूजफुल है साइक्लिंग

वर्ल्ड साइकिल-डे (3 जून) के मौके पर दो टीवी स्टार्स बता रहे हैं, साइक्लिंग को अपनी हेल्थ और फिटनेस के लिए वे कितना इंपॉर्टेंट मानते हैं?

## साइक्लिंग से इंप्रूव होती है हेल्थः आशुतोष कुलकर्णी



**एंड टीवी** पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाने वाले आशुतोष कुलकर्णी को साइक्लिंग करना बहुत अच्छा लगता है। साइकिल चलाने के फायदों के बारे में आशुतोष कहते हैं, 'यह अच्छी बात नहीं है कि कई यंग और मिड एज के लोग साइकिल को सिर्फ बच्चों के खेलने की चीज मानकर नकारते हैं और इससे मिलने वाले शारीरिक और मनोवैज्ञानिक फायदों को नहीं समझते हैं। साइक्लिंग से न सिर्फ मसल्स बनाने और मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मदद मिलती है, बल्कि कई बीमारियों का रिस्क भी कम होता है। इसलिए मैं जब भी संभव हो, साइकिल चलाता हूं। यह एक ऐसी कसरत है, जो हर उम्र के इंसान के लिए अच्छी है। मेरे विचार से साइकिल चलाने के अनेक लाभ हैं, जो न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि पर्यावरण और समाज के लिए भी अत्यंत लाभकारी हैं। शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से साइकिल चलाना हृदय को मजबूत करता है और हृदय रोगों के खतरे को कम करता है। पर्यावरण के संदर्भ में साइकिल चलाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वायु प्रदूषण को कम करता है क्योंकि इसमें किसी भी प्रकार के ईंधन की आवश्यकता नहीं होती। सामाजिक लाभों की बात करें तो साइकिल चलाने से ट्रैफिक जाम में कमी आती है, जिससे सड़कों पर वाहनों की संख्या कम होती है। मेरे फिटनेस शेड्यूल में साइक्लिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं हर सुबह अपने दिन की शुरूआत अपनी साइकिल पर सवार होकर करता हूं और अकसर आस-पास कहीं आने-जाने के लिए जरूरत पड़ने पर इसी का यूज करता हूं। शुरूआत में मैंने अपनी फिजिकल फिटनेस को बनाए रखने के लिए साइक्लिंग की, लेकिन वक्त गुजरने के साथ यह मेरे लिए काफी महत्वपूर्ण हो गई, किसी थैरैपी की तरह। जब मैं साइकिल चलाता हूं, तब मेरा तनाव और चिंता दूर हो जाती है और मुझे खुशी और संतोष मिलता है।' *

## आई लव साइक्लिंगः विभव रॉय



**एक्टर विभव रॉय** इन दिनों स्टार भारत के शो 'शैतानी रस्में' में पीयूष गहलोत की भूमिका निभा रहे हैं। वे साइक्लिंग को हेल्थ और फिटनेस के लिए बहुत यूजफुल मानते हैं। इस बारे में वे डिटेल में बताते हैं, 'साइक्लिंग से जुड़ी मेरे मन में कई यादें हैं। मेरे मॉम-डैड साइक्लिंग किया करते थे। पहले मैंने छोटी सपोर्ट व्हील वाली साइकिल चलाना सीखा, फिर मैंने बिना सपोर्ट व्हील के इसे चलाना सीख लिया। मुझे मेरे डैड ने साइकिल चलाना और इसे बैलेंस करना सिखाया। मेरे पैरेंट्स साइक्लिंग एंज्वॉय करते थे, मुझे भी इसकी इंस्पिरेशन उन्हीं से मिली। मैं आस-पास कहीं भी जाने के लिए साइकिल ही यूज करता हूं। मेरा मानना है कि फिटनेस के लिए साइक्लिंग बहुत बढ़िया है। इससे बहुत अच्छी कार्डियो-वेस्कुलर एक्सरसाइज हो जाती है। यह स्टैमिना बढ़ाने के लिए भी काफी यूजफुल है। इसीलिए मैं निश्चित तौर पर डेली साइक्लिंग करता हूं। मैं उन सभी को साइक्लिंग की सलाह देता हूं, जो फिट रहना चाहते हैं। साइक्लिंग एक तीर से दो निशाने लगाने जैसा है। यानी इससे एक तो आप एक जगह से दूसरी जगह बिना पॉल्यूशन किए पहुंच जाते हैं, साथ ही आपका एक्सरसाइज भी हो जाता है। इसीलिए जिम, योगा क्लास या फिर डांस क्लास, आस-पास कहीं भी जाने के लिए मैं अकसर अपनी साइकिल ही यूज करता हूं। क्योंकि यह क्विक, फास्ट और ईको-फ्रेंडली होने के साथ-साथ हेल्थ के लिए भी अच्छा है और इसे पार्क करना भी आसान है। सो, आई लव साइक्लिंग!' *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क

डॉक्टर्स एडवाइस

स्पेशलः वर्ल्ड नो टोबैको-डे, 31 मई

तंबाकू का सेवन व्यक्ति के शरीर में घातक बीमारियों का कारण बनता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस, उन करोड़ों लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है, जो किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। इसका सेवन कितना खतरनाक होता है और इससे बचाव के लिए क्या कर सकते हैं, इस बारे में सभी को पता होना चाहिए।

# जिएं स्वस्थ-निरोग जीवन ना करें तंबाकू का सेवन



कई आंकड़े बताते हैं कि देश-दुनिया में करोड़ों लोग तंबाकू का किसी न किसी रूप में सेवन करते हैं। यह शरीर के लिए बहुत ही खतरनाक होता है। इससे कई जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं। इस बारे में आपको यहां विस्तार से बताया जा रहा है।

### निकोटिन है खतरनाक रसायन

आरएन टैगोर अस्पताल, कोलकाता में कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजी-एडल्ट **डॉ. पंकज सिंह** के अनुसार, 'वर्तमान समय में चबाने वाले तंबाकू और धूम्रपान के रूप में तंबाकू का सेवन बहुत अधिक मात्रा में किया जा रहा है। तंबाकू में पाया जाने वाला निकोटिन एक बेहद नशीला रसायन है, जो तंबाकू के पौधों में पाया जाता है। तंबाकू के उत्पाद तंबाकू की पत्तियों को संशोधित करके तैयार किए जाते हैं। निकोटिन का सेवन हृदय में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है और हृदय में रक्त को ले जाने वाली वाहिकाओं में संकुचन पैदा करता है। निकोटिन के कारण धमनियों की दीवारें भी सख्त होने लगती हैं, जिसके परिणामस्वरूप दिल का दौरा पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। यह रसायन आपके शरीर में 6 से 8 घंटे तक रहता है और यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप दिन में कितनी बार निकोटिन का सेवन करते हैं।'

### स्मोकिंग के साइड इफेक्ट्स

स्मोकिंग करना भी हेल्थ के लिए कितना घातक है, इस बारे में एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल आंकोलॉजी, **डॉ. समित पुरोहित** बताते हैं, 'सिगरेट में पाए जाने वाली तंबाकू गंभीर रूप से व्यक्ति के शरीर में समस्याएं उत्पन्न करती है। दरअसल, इसके धुएं में 7000 से भी अधिक रसायन पाए जाते हैं, जिनमें से सैकड़ों व्यक्ति के शरीर को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। इन घातक रसायनों में कैडमियम, आर्सेनिक, बेंजीन, क्रोमियम, ब्यूटाडीन, फॉर्मेल्डिहाइड और टार जैसे कई नुकसानदेय रसायन होते हैं, जो शरीर में कई बीमारियों का कारण बनते हैं। इसके अलावा धूम्रपान करते समय आप कार्बन मोनोऑक्साइड को अपने अंदर लेते हैं, जो लाल रक्त कोशिकाओं में ऑक्सीजन की मात्रा को कम कर देता है। ये धमनियों की आंतरिक परत में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ाता है और उन्हें सख्त कर देता है, जो दिल से जुड़ी बीमारियों के लिए जिम्मेदार होता है।'

### तंबाकू से होने वाली बीमारियां

तंबाकू का किसी भी प्रकार का सेवन किस तरह की बीमारियां उत्पन्न कर सकता है, इस बारे में नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट एंड क्लिनिकल लीड-सर्जिकल आंकोलॉजी, **डॉ. देबाशीष चौधरी** कहते हैं, 'तंबाकू और इसके विभिन्न उत्पादों के सेवन से कई प्रकार के घातक कैंसर का खतरा बढ़ता है। तंबाकू का सेवन मुख्य रूप से फेफड़े, मुंह, पेट, मूत्राशय, गुर्दे, अग्न्याशय और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के खतरे को बढ़ाता है। इसके अलावा धूम्रपान का सेवन मस्तिष्क में रक्त वाहिकाओं की परत में रक्त के थक्के बनाता है और उन्हें कमजोर करता है, जिससे स्ट्रोक की समस्या हो सकती है। धूम्रपान के बाद शरीर में ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जो लगातार बने रहने से कई तरह की समस्याओं को पैदा कर सकता है। कोरोनरी धमनी रोग, दिल के दौरे और फेफड़ों की बीमारी का खतरा भी तंबाकू के सेवन के कारण बढ़ जाता है।'




### तंबाकू के सेवन को छोड़ने के उपाय

हालांकि तंबाकू की लत छोड़ना थोड़ा टफ जरूर है लेकिन अगर कुछ उपायों पर अमल किया जाए तो ऐसा आसानी से कर सकते हैं। इस बारे में धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-सर्जिकल आंकोलॉजी, **डॉक्टर अंशुमान कुमार** सलाह देते हैं, 'जब भी आपका तंबाकू सेवन का मन करे तो ध्यान रखें कि तंबाकू के सेवन की इच्छा चाहे कितनी ही तीव्र हो 5 से 10 मिनट के अंदर खत्म हो जाती है और इस समय आप अपने ध्यान को नियंत्रित करके तंबाकू को छोड़ने की ओर पहला कदम बढ़ा सकते हैं। डॉक्टर से संपर्क करके प्रिस्क्रिप्शन निकोटिन इनहेलर और स्प्रे जैसे निकोटीन रिप्लेसमेंट उपचारों के बारे में पता करें। तंबाकू के सेवन की इच्छा को ट्रिगर करने वाली चीजों के बारे में पता करें और उनसे दूर रहने का प्रयास करें। तंबाकू के सेवन की आदत की जगह पर कैंडीज और शुगर फ्री गम चबाएं। निकोटिन की लालसा को खत्म करने के लिए नियमित एक्सरसाइज आपकी काफी मदद कर सकती है, इसे अपने डेली रूटीन में शामिल करें। तंबाकू का सेवन आपके शरीर में गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकता है, इस बात को ध्यान में रखते हुए इसे अपनी जीवनशैली से खत्म करने का संकल्प लें और उसे पूरा करने का प्रयास करें।'



**यहां ले सकते हैं हेल्पः** सरकार ने वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट में नेशनल टोबैको क्विट लाइन सर्विस शुरू की है, जिसका टोल-फ्री नंबर (1800-11-2356) है। अगर आप तंबाकू का सेवन छोड़ने के इच्छुक हैं या किसी की हेल्प करना चाहते हैं तो इस पर संपर्क कर सकते हैं। *

### क्या कहते हैं आंकड़े

**साल 2020** में दुनियाभर में तंबाकू इस्तेमाल करने वाले लोगों का जो आयु विवरण था, उसके मुताबिक दुनिया की समूची आबादी के 22 से 23 फीसदी लोग किसी न किसी तरीके से तंबाकू या इसके उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे थे। इनमें 36.7 फीसदी पुरुष और इससे थोड़ी कम महिलाएं थीं। जबकि 15 से 24 साल तक के युवाओं में करीब 21 फीसदी ऐसे थे, जो तंबाकू की दर्जनों लतों में से किसी एक लत का शिकार थे। हैरानी की बात यह है कि दुनिया में 1 अरब 30 करोड़ से ज्यादा जो लोग तंबाकू के गंभीर उपभोक्ता हैं, उनमें 80 फीसदी से ज्यादा निम्न मध्यम आय वर्ग के लोग हैं। एक तरफ जहां ये लोग पहले से ही अपनी कमजोर स्वास्थ्य स्थितियों के कारण संपन्न लोगों के मुकाबले 5 से 7 साल कम जी पाते हैं, वहीं तंबाकू के अंधाधुंध इस्तेमाल के चलते ये अपनी उम्र में इतनी ही कमी और कर लेते हैं। हर साल जो इसके इस्तेमाल से करीब 60 लाख लोगों की मौत होती है, उसमें 80 फीसदी से ज्यादा गरीब और निम्न मध्यम आय वर्ग के लोग ही होते हैं। भारत में भी हर साल 4 लाख से ज्यादा लोगों की मौत तंबाकू के सेवन के चलते होने वाले कैंसर से हो जाती है।

-अपराजिता

उपचार

**डॉ. संजना शर्मा**
आयुर्वेद विशेषज्ञ, दिल्ली

गर्मी के मौसम में कई लोग अपने पैर के तलवों में होने वाली जलन की समस्या से परेशान रहते हैं। इससे राहत के लिए आप अपनी जीवनशैली और खान-पान में बदलाव के साथ कुछ आयुर्वेदिक उपचार भी आजमा सकते हैं।

# क्या आपको भी होती है इन दिनों पैरों में जलन



गर्मी के मौसम में होने वाली समस्याओं में एक कॉमन प्रॉब्लम है-पैर के तलवों में जलन होना या बर्निंग संसेशन होना। इसमें तलवों में झुनझुनाहट होती है, सुई चुभने का आभास रहता है और कई बार हल्का सा दर्द भी रहता है।

**हो सकते हैं कई कारणः** पेट में अधिक गर्मी होना, नर्वस सिस्टम के नर्व्स की क्षति होना, डायबिटीज, चर्मरोग होना, किडनी खराब होना, वेरिकोज वेंस, थाइरॉयड प्रॉब्लम, शरीर में यूरिक एसिड का बढ़ जाना, पोषक तत्वों की कमी खासकर विटामिन बी12 की कमी होना, कब्ज, गैस, एसिडिटी होना, पानी कम पीना, मसालेदार भोजन का अत्यधिक सेवन करना, फास्ट या जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन करना, तंबाकू, एल्कोहल का सेवन ज्यादा करना या खड़े रहकर काम ज्यादा करना।

**उपचार के तरीकेः** सबसे जरूरी है अपने खान-पान का ध्यान रखें। घर का बना ताजा और सात्विक भोजन करें। दिन में एक बार दही का सेवन जरूर करें। ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। इसके अलावा कुछ उपाय आजमा सकते हैं।

- एक टब में पानी लें। इसमें एक चम्मच एप्सम सॉल्ट या सेंधा नमक मिला लें। इसमें अपने पैरों को 15-20 मिनट तक डुबो कर रखें। ऐसा दिन में एक-दो बार कर सकते हैं।
- नीम के पत्तों को मिक्सी में बारीक पीस कर पेस्ट बनाएं। उसका लेप पैरों के तलवे पर लगाएं। एक-डेढ़ घंटा लगे रहने दें। गर्म पानी में थोड़ा-सा काला नमक मिलाकर धो लें। उसके बाद प्राकृतिक तेलों के मिश्रण (200 मिली. ऑलिव ऑयल और 50 मिली. रोजमेरी ऑयल) से पैरों की हल्की मालिश करें।
- एक चम्मच नारियल के तेल में एक चम्मच हल्दी पावडर मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को तलवों और आस-पास लगाने से आराम मिलता है।
- देसी मेहंदी को रात को पानी में भिगोकर लेप बनाएं। सुबह इस मेहंदी का लेप पैर के तलवे पर लगाएं।
- रात को सोने से पहले पैरों को ठंडे पानी से धोएं। नारियल तेल से तलवों की अच्छी तरह मालिश करें।
- सीताफल के डंठल वाले हिस्से को गोलाई में काट लें। इससे पैरों के तलवे की मालिश करें। इसकी ठंडी तासीर फायदेमंद होती है।
- 25-25 ग्राम साबुत धनिया और सौंफ रात को 2 गिलास पानी में भिगो दें। सुबह इन्हें मसलकर और छानकर दिन में 2-3 बार पिएं।
- दिन में एक बार नारियल पानी का सेवन करें।
- पालक, टमाटर, कद्दू, लौकी, करी पत्ते, पुदीना के पत्ते मिलाकर सूप पिएं।
- करेले के पत्तों को पीसकर पेस्ट बना लें। इसे पैरों पर 15-20 मिनट के लिए लगाएं। आराम मिलेगा।
- राइस/आरआईसीई थेरेपी भी अपना सकते हैं। आर यानी रेस्ट-पैरों को आराम दें। आई यानी आइस-बर्फ से ठंडा सेंक करने से आराम मिलता है। सी यानी कंप्रेशन-पैरों पर प्रेशर देते हुए मालिश करें। ई यानी एलिवेशन-सोते समय पैरों को थोड़ा सा ऊपर उठाकर रखें। इसके लिए पैरों के नीचे तकिया लगा सकते हैं। वैसे तो ये सभी उपाय आयुर्वेदिक हैं लेकिन आजमाने से पहले अनुभवी विशेषज्ञ से सलाह जरूर लेनी चाहिए। *

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा

हेल्थ स्टडी

# महिलाओं में होती है अनिद्रा की अधिक समस्या



नींद न आना, रात भर करवटें बदलना, आज के दौर में लोगों की एक सामान्य समस्या बन गई है। लेकिन एक अध्ययन के अनुसार, महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अनिद्रा की समस्या होने का रिस्क 60 प्रतिशत ज्यादा होता है। हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड और साउथेंप्टन यूनिवर्सिटी से जुड़ी रिसर्चर्स की इस टीम के द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया कि महिलाओं की नींद की क्वालिटी, पुरुषों की तुलना में काफी खराब थी। शोधकर्ताओं के अनुसार, इसका कारण महिलाओं की आंतरिक घड़ी (बॉडी क्लॉक) है, जो पुरुषों की तुलना में करीब छह मिनट तेज चलती है। उम्र बढ़ने के साथ, यह अंतर वातावरण के साथ तालमेल बिठा नहीं पाता, जिससे दिमाग और शरीर के बीच कम्युनिकेशन में रुकावट आती है और नींद की कमी हो जाती है।

इस स्टडी के नतीजे स्लीप मेडिसिन रिव्यूज नामक पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं की टीम ने पिछले अध्ययनों की भी समीक्षा की, जिसमें पाया गया कि पीरियड्स के बदलाव के साथ भी उनकी नींद की क्वालिटी में उतार-चढ़ाव देखा जाता है। 53 प्रतिशत महिलाओं को पीरियड्स के दौरान रात में एंग्जायटी होती है, जिस वजह से उनकी नींद टूट जाती है। *

प्रस्तुतिःअजेश कुमार

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि



अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित



## जैकेट के शेष

### टूट गए सारे रिकॉर्ड...

मौसम केंद्रों - मुंगेशपुर, नरेला और नजफगढ़ ने मंगलवार को भी लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया। दिल्ली के प्राथमिक मौसम विज्ञान केंद्र सफदरजंग वेधशाला में बुधवार को अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 79 वर्षों में सबसे अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार 17 जून, 1945 में दिल्ली का अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आईएमडी ने एक बयान में कहा, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अधिकतम तापमान शहर के अलग-अलग हिस्सों में 45.2 डिग्री सेल्सियस से लेकर 49.1 डिग्री सेल्सियस तक रहा। मुंगेशपुर में अन्य मौसम विज्ञान केंद्रों की तुलना में 52.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। यह सेंसर में त्रुटि या स्थानीय कारक के कारण हो सकता है। आईएमडी आंकड़ों और सेंसर की जांच कर रहा है।

### रायपुर-दुर्ग 45 ....

प्रदेश के मैदानी इलाकों में ग्रीष्म लहर की स्थिति बन गई। राजधानी में कड़ी धूप की वजह से लोग दोपहर में आग जैसी जलन महसूस करते रहे, क्योंकि गर्मी में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ और तापमान में पाइंट टू का ही फर्क आया। शाम तक लू जैसे हालात बने रहे। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी में अभी दो दिन तक बहुत ज्यादा बदलाव होने के आसार नहीं हैं। अगले चौबीस घंटे में केरल में मानसून के दस्तक देने के बाद छत्तीसगढ़ में एक जून से प्री-मानसून की बौछार पड़ने की संभावना है। इसकी शुरुआत बस्तर से होगी और दो जून यानी नवतपा के अंतिम दिन मध्य इलाके में भी हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

**रात में ज्यादा गर्मी :** मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार दिन में तेज धूप हलाकान कर रही, मगर रात में होने वाली उमस वाली गर्मी परेशानी को दोगुनी कर रही है। पिछले तीन दिन से रायपुर समेत कई शहरों में उष्णरात्रि की स्थिति बनी हुई है। मंगल-बुध की दरम्यानी रात रायपुर और बिलासपुर का पारा 32.4 जो सामान्य से चार डिग्री तथा पेंड्रा का 32.7 सामान्य से सात डिग्री तक अधिक दर्ज किया गया है।

### हीट स्ट्रोक से .....

खते हुये स्कूलों को बंद करने के संबंध में समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को यह भी निर्देश दिया है कि वे आपदा प्रबंधन समूह की बैठक आयोजित कर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अन्य आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### पीएम मोदी के .....

के दौरान किसी को भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि, कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी ने साफ किया कि पार्टी किसी भी नेता के कुछ भी करने के खिलाफ नहीं है।

### चार फीट गड्ढा ....

रोज-रोज के झगड़े से परेशान महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया और फिल्मी स्टाइल में लाश को ठिकाने लगा दिया। और पति के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद महिला पति के गुमशुदा होने के मामले को लेकर बेपरवाह हो गई और यही लापरवाही महिला और उसके आशिक को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने में कामयाब हुई।

**पति ने लिखाई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट :** मामले का खुलासा करते हुए एसडीओपी अजयशंकर त्रिपाठी और थाना प्रभारी मोनिका श्याम ने बताया कि 14 दिसंबर 2023 को सुभाष नगर निवासी देविका चंद्राकर ने थाने में सूचना दी कि उनके पति यूपेश चंद्राकर (42) 8 दिसंबर से घर से लापता हैं। गुमशुदगी की रिपोर्ट पर शुरुआती जांच में कुछ पता नहीं चला। बाद में पुलिस को पता चला कि यूपेश शराब का आदी था और देविका चंद्राकर (40) से अक्सर विवाद करता था।

### इंद्रावती टाइगर रिजर्व ....

के कारण स्थानीय ग्रामीणों में जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कैम्पा मद के अंतर्गत गिद्ध संरक्षण परियोजना इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर अनुमोदित किया गया। गिद्धों के सर्वेक्षण में इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में 3 विलुप्त प्रजाति इंडियन वॉल्चर, व्हाइट रम्पेड वॉल्चर के गिद्धों की पुष्टि भोपालपटनम के बामनपुर ग्राम के सकलनारायण पहाड़ के पिछले हिस्से के गद्दलसरी गुट्टा इलाके में की गईं थी, इनका अनुमानित संख्या 60 गिद्धों की थी। ग्रामीणों को गिद्धों का संरक्षण हेतु ग्रामीणों के मुख्य पहलु इनके आस्था से जोड़ने का प्रयास किया। इनके रहवास, सहवास एवं प्रजनन काल की अवलोकन, भी किया गया। जिसमें इनके तीसरे प्रजाति ग्रीफॉन वॉल्चर की पुष्टि लगाया गया। ग्रीष्मकालीन, वर्षाकालीन एवं शीतकालीन सर्वेक्षण से इनके गर्भावधि काल का भी पता लगा। गिद्ध संरक्षण परियोजना के अंतर्गत क्षेत्र के 50 से अधिक ग्राम पंचायत एवं शालाओं में इनके प्रजाति का क्षय के कारणों एवं इन्हे बचने के बारे में जागृति कार्यक्रम भी कराया। गिद्ध साल में औसतन 2-3 घोंसले बनाते हैं, जिनमें से किसी एक में ही अपने अंडे देते हैं। साथ ही वे साल में सिर्फ एक ही अंडे देते हैं। गिद्धों की तीनों प्रजातियों के अवलोकन एवं निरीक्षण के पश्चात उनकी अनुमानित संख्या 140 दर्ज की गई है। इनमें से व्हाइट रम्पेड वॉल्चर एक मात्र प्रजाति है, जो पेड़ों पर घोंसले बनाते हैं।

### रहवास स्थल ....

कर मवेशियों के शव अपशिष्ट करने हेतु ग्राम में उपयुक्त स्थान निर्धारित कर गिद्धों का निरीक्षण करने हेतु कार्य प्रगति पर है। ग्राम में रोजाना भ्रमण, सूत्र ज्ञानधारकों के मिलकर जागरुकता का कार्य एवं प्रत्येक पंचायत से एक युवा को गिद्ध मित्र के पद पर रोजगार भी दिया गया है।

### डिक्लोफेनाक से गिद्धों ....

इंफ्लेमेटरी दवा एनएसएआईडी है, जिसका उपयोग मवेशियों को हल्के से मध्यम दर्द के इलाज के लिए किया जाता है। इसका भी निरीक्षण किया जा रहा है और स्थानीय मवेशियों के रक्त से की, स्थानीय पशु चिकित्सक से इनके इस्तेमाल से जुड़ी सारे मुद्दों पर चर्चा भी की।

### सात लापता मजदूरों ....

गई थी। 6 मजदूर घायल थे जिन्हें उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। 8 मजदूरों की गुमशुदगी कंडरका पुलिस चौकी में दर्ज की गई है। जिन मजदूरों की गुमशुदगी दर्ज की गई है उनमें वार्ड नं 12 ग्राम तिरदा निवासी रामकिसुन ध्रुव उर्फ राजू, ग्राम भिमौरी नीरज ध्रुव, ग्राम कंडरका वार्ड -15 शंकर यादव, वार्ड नं.-2 बोरसी नरहर यदु, वार्ड नं-3 बोरसी दगेंद्र साहू, वार्ड नं.18 ग्राम-गब्दा लोकनाथ यादव, वार्ड नं. 11 ग्राम तिरदा विजय कुमार देवदास, वार्ड नं. 13 पिरदा पुष्पराज देवदास शामिल हैं। हादसे के बाद एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की संयुक्त टीम ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर लापता मदजूरों को मलबे में खोजने का प्रयास किया लेकिन ऑपरेशन में मलबे से साबुत मजदूर तो नहीं मिले बल्कि मानव अंग और उनके मांस के लोथड़े को पॉलीथिन में एकत्रित कर बेमेतरा प्रशासन ने डीएनए के लिए भेजा है। हादसे के बाद से ही पिरदा बोरसी और आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में फैक्ट्री के गेट पर प्रदर्शन कर रहे थे। 5 दिन बाद प्रदर्शनकारियों को सुबह प्रशासन की ओर से सूचना दी गई कि फैक्ट्री प्रबंधन लापता मजदूरों और मृत मजदूर के परिजनों को 30 लाख रुपए देने तैयार है। प्रदर्शनकारियों की मांग थी प्रत्येक मजदूर को 50 लाख और आश्रितों को सरकारी नौकरी दी जाए। दिनभर प्रशासन और प्रदर्शनकारियो के बीच वाद-विवाद चलने के बाद शाम 5 बजे के आसपास अचानक घटनाक्रम बदला। दो लापता मजदूरों लोकनाथ यादव और शंकर यादव के परिजनों को छोड़कर 7 मजदूरों के परिजन धरना स्थल से उठकर फैक्ट्री की गेट से अंदर प्रवेश करते हैं। इन परिजनों को फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से 30-30 लाख रुपए का चेक देकर फैक्ट्री के पीछे गेट से गांव की ओर रवाना कर दिया जाता है। यहां उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने मृतक मजदूरों को 5 लाख रुपए व घायल मजदूरों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। इस घटनाक्रम के बाद धरने पर बैठे ग्रामीण और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ता आक्रोशित होकर गेट पर नारेबाजी करते रहे।

क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल का आरोप है कि बेमेतरा प्रशासन फैक्ट्री प्रबंधन का एजेंट बनकर ग्रामीणों को गुमराह करने और आंदोलन को तोड़ने में लगा हुआ है। श्री बघेल ने आरोप लगाया कि दलालों ने जबर आंदोलन को तोड़ने का प्रयास किया है। जब तक फैक्ट्री के लाइसेंस को निरस्त करने और मजदूरों को 50 लाख रुपए व सरकारी नौकरी देने की बात नहीं मानी जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## राफा में इजराइली हमलों की चौतरफा हो रही निंदा

# दुनिया भर में चलाया जा रहा 'ऑल आइज ऑन राफा' कैंपेन

**इधर, बोला- अभी रेड लाइन नहीं हुई क्रॉस**

**इजराइल पर भड़का तुर्की, बोला खून पीने वाले नरपिशाच हैं नेतन्याहू**

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

इजरायल और हमास के बीच गाजा में संघर्ष जारी है। गाजा के राफा शहर पर भी इजरायल हमला बोल रहा है और पूरी दुनिया की इस पर नजर है। यही नहीं पिछले दिनों इजरायल की एक गलती से फिलिस्तीनी शरणार्थियों के टेंट में आग लग गई थी। इसके चलते 45 लोगों की मौत हो गई थी। दुनिया भर में 'ऑल आइज ऑन राफा' कैंपेन भी चलाया जा रहा है। इस बीच इस्लामिक देश तुर्की ने फिलिस्तीन का पक्ष लेते हुए इजरायल पर तीखा अटैक किया है। राष्ट्रपति रेचेप तैयप अर्दोआन ने बुधवार को इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर सीधा हमला बोला। उन्होंने नेतन्याहू को खून का प्यासा नरपिशाच करार दिया। अर्दोआन ने कहा, 'पूरी दुनिया नेतन्याहू की बर्बरता को देख रही है। वह एक सनकी, बीमार, मनोरोगी और खून पीने वाले नरपिशाच हैं।' उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी देख रही है कि यहूदी अत्याचार क्या है। मुझे उम्मीद है कि अब जो क्रांति फैली है, उससे यहूदियों के इस अत्याचार का अंत हो सकेगा। उन्होंने कहा कि टेंट में जिस तरह से निर्दोष शरणार्थी मारे गए हैं, उसको कोई भी जायज नहीं ठहरा सकता। अर्दोआन ने भी अमेरिका पर भी हमला बोला और कहा कि उसके हाथ खून से सने हैं।



### अमेरिका को भी ठहराया जिम्मेदार

तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका भी गाजा में नरसंहार के लिए उतना ही जिम्मेदार है, जितना इजरायल है। एक तरफ तुर्की इस कदर भड़का है तो वहीं इजरायल अपने रुख पर कायम है। उसका कहना है कि गाजा में पिछले 7 महीनों से जंग चल रही है और हम आगे भी सात महीने तक जंग के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमने गाजा के एक बड़े हिस्से पर नियंत्रण कर रखा है। हमास को हम नेस्तनाबूद करने की ओर हैं और हम नहीं चाहते कि पकड़ को छोड़ें। इसलिए यह जारी रहेगा। गौरतलब है कि अब तक जारी संघर्ष में गाजा पट्टी में 36 हजार लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 80 हजार से ज्यादा बुरी तरह जख्मी हुए हैं।

### व्हाइट हाउस बोला- हथियार देते रहेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक महीने पहले इजराइल को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर इजराइल राफा के राहत शिवरों या ज्यादा जनसंख्या वाले इलाकों पर हमला करता है तो वे इजराइल को हथियार देना बंद कर देंगे। उन्होंने कहा था कि इजराइल राफा में घुसपैठ को लेकर अमेरिका की खींची लकीर का न लांघे। अब 45 लोगों की मौत के बाद व्हाइट हाउस ने ये मानने से इनकार कर दिया कि इसमें इजराइल का हाथ था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइल मामले की जांच कर रहा है। इसलिए इस मामले में वे फिलहाल कुछ नहीं कह सकते हैं। व्हाइट हाउस का कहना है कि अमेरिका राफा पर कब्जे का समर्थन नहीं करता है। अगर उन्हें लगा कि इजराइल ने उनकी रेड लाइन क्रॉस की तो उसको इजराइल का समर्थन न करने के बारे में सोचना पड़ सकता है।

### न्यूयार्क में गांधी प्रतिमा...




**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में गांधी प्रतिमा के पास खड़ी हुईं भारत की मेजर राधिका सेन। सेन को 30 मईको संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर विश्व निकाय के मुख्यालय में आयोजित समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस प्रतिष्ठित '2023 संयुक्त राष्ट्र सैन्य लिंग अधिवक्ता वर्ष का पुरस्कार'

### एलजी ने स्वास्थ्य मंत्री भारद्वाज के ओएसडी को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने निजी नर्सिंग होम के अनियमित और अवैध पंजीकरण में कथित संलिप्तता के सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) आर एन दास को बुधवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा, "ओएसडी को निलंबित करने का तात्कालिक कारण शाहदरा के ज्योति नर्सिंग होम को वैध पंजीकरण अवधि से परे अनधिकृत और अवैध रूप से चलाने के संबंध में कथित कदाचार है, जब वह नर्सिंग होम प्रकोष्ठ के चिकित्सा अधीक्षक भी थे।

## पेज एक के शेष

### महानदी गोदावरी कछार...

लिए पानी दिया जाता है, उनमें प्रति एकड़ 91 रुपए के हिसाब से कर लिया जाता है। कांग्रेस सरकार के समय सिंचाई कर माफ किया गया था। उसमें 20 प्रतिशत किसानों को इसका लाभ नहीं मिला, क्योंकि वे हर साल अपना कर पटाते रहे हैं। ऐसे किसानों को इसका लाभ बाद के वर्षों में दिया गया। बताया गया है कि प्रदेश के 15 लाख से अधिक किसानों द्वारा सिंचाई के लिए पानी लिया जाता है। प्रदेश में सिंचाई कर की वसूली के लिए 30 जून का समय तय रहता है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार उसके बाद ही बकाया की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

### 80 प्रतिशत आबादी कृषि...

है। इन परिस्थितियों में अधिक सिंचाई सुविधाएं राज्य की प्राथमिक आवश्यकता बन गई है। वहीं पेयजल और अन्य उपयोग के लिए भी बांधों से पानी दिया जाता है।

### उद्योगों पर 136.45 करोड़...

आंकड़ा जारी होगा। कई उद्योगों के बकाया की राशि विवादों के कारण लंबित है। बताया गया है कि सीएसआईडीसी द्वारा भी बांधों पानी का करार किया जाता है। उसका भी 35 करोड़ रुपए बाकी है। उद्योग विभाग द्वारा इसके भुगतान के संबंध में निर्देश जारी किए जाते हैं।

### सनकी ने नवविवाहिता पत्नी...

मां, बहन, भाई, भाई की पत्नी और तीन नाबालिग बच्चों की कथित तौर पर हत्या कर दी। बाद में उसने अपने दूसरे भतीजे पर भी हमला किया, लेकिन वह मौके से भागने में सफल रहा। खत्री ने बताया कि सुबह-सुबह एक महिला ने शोर मचाया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उस व्यक्ति की तलाश की, लेकिन बाद में वह एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायल व्यक्ति का छिंदवाड़ा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### मुठभेड़ में महिला समेत...

का इनाम घोषित था। बीजापुर पुलिस ने जारी प्रेस नोट में बताया कि थाना मद्देड़ क्षेत्र के कोरंजेड़-बंदेपारा के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में 8 लाख व 1 लाख के इनामी माओवादी को ढेर किया गया। मौके से दोनों माओवादी के शव के अलावा हथियार, विस्फोटक, वायरलेस सेट, नगद 30 हजार रुपए, पिट्ठू, माओवादी वर्दी, दवाइया, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कोरंजेड़ के जंगलों में मद्देड़ एरिया कमेटी एसीएम बुचन्ना, विश्वनाथ, बामन एवं अन्य 15-20 सशस्त्र माओवादी मौजूद है। सूचना पर 27 मई को थाना मद्देड़ क्षेत्र के कोरंजेड़ एवं बंदेपारा की ओर डीआरजी बीजापुर की टीम अभियान पर निकली थी।

### एक महिला और एक पुरुष...

कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज व 5-5 सौ रुपए के 60 नोट कुल 30 हजार रुपए नगद बरामद किया गया।

### सीएम के कांपे हाथ, ..

लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि पांच दशक के अंतराल के बाद केंद्र में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, सवाल ये है कि नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या? ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है। कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन बाबू के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, पर्दा उठना जरूरी है। इसलिए 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबियत क्यों गिरती जा रही है।

### इधर, पटनायक का जवाब...

के लिए गत एक महीने से प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में सार्वजनिक रूप से कहा कि मैं उनका अच्छा मित्र हूं। उन्हें मात्र मुझे फोन करके मेरी सेहत की जानकारी लेनी थी लेकिन ओडिशा एवं दिल्ली में भाजपा के कुछ लोग मेरी सेहत को लेकर अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेरी सेहत ठीक है ।

## मनुस्मृति का कर रहे थे विरोध फाड़ डाली अंबेडकर की तस्वीर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एसपी) के नेता जितेंद्र आव्हाड ने मनुस्मृति के एक श्लोक को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने के विरोध में बाबा साहेब अंबेडकर का पोस्टर फाड़ दिया। इस घटना पर भाजपा ने बुधवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हालांकि, व्यापक निंदा के बाद, जितेंद्र आव्हाड ने महाराष्ट्र के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए उनसे "बिना शर्त माफी" मांग ली। घटना के बारे में बताते हुए आह्वाड ने कहा, "भावनात्मक रूप से मनुस्मृति का विरोध करते हुए मैंने पोस्टर फाड़ दिया क्योंकि उस पर मनुस्मृति शब्द लिखा था। मुझे नहीं पता था कि उस पर बाबासाहेब की तस्वीर है। विपक्ष इस पर राजनीति करेगा।

■ मुश्किल में शरद पवार की पार्टी के नेता

### भाजपा ने की निंदा

आव्हाड की इस हरकत की निंदा करते हुए भाजपा ने शरद पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी गुट पर हमला बोला है। पार्टी नेता ने कहा, "उन्होंने बाबा साहब के पोस्टर फाड़ दिए। यह सिर्फ अंबेडकर का ही नहीं बल्कि पूरे दलित समुदाय का अपमान है।"

C/PDCL
कार्यालय कार्यपालन अभियंता ( संचा. / संधा.) संभाग सिलतरा
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लि.
सी.एस.आई.डी. सी. भवन, प्रथम तल सिलतरा जिला - रायपुर (छ. ग.)

क्र./051-5500/सिल./2024-25/310 सिलतरा, दिनांक 29/05/2024

// आम सूचना //

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि (संचा/ संधा.) संभाग छ. स्टेट.पा.डि.कं. लि. सिलतरा के अंतर्गत 33 के.व्ही. जी.के. टाउनशिप फीडर जो कि 132/33 के.व्ही सिलतरा उपकेन्द्र से ऊर्जीकृत की जावेगी। उक्त 33 के.व्ही. लाईन छ. स्टेट.पा.डि.कं.लि. द्वारा वर्तमान विद्यमान 33/11 के.व्ही. जी.के. टाउनशिप उपकेन्द्र को जोड़ने हेतु 4.50 किमी. 33 के.व्ही. लाईन का निर्माण किया गया है। उक्त 33 के.व्ही. लाइन 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र सिलतरा एन एच 30 को क्रास करते हुए लक्की मेडिकल काम्पलेक्स के निकट से होते हुए तालाब के किनारे काली मंदिर के निकट से गुजरते हुए जी.के. टाउनशिप के कॉलोनी के मुख्य द्वार से अंदर होते हुए 33/11 के.व्ही जी.के. टाउनशिप सबस्टेशन तक विस्तारित है। उक्त 33 के.व्ही जी.के. टाउनशिप फीडर दिनांक 30.05.2024 के बाद कभी भी ऊर्जीकृत की जा सकती है। अतः समस्त ग्रामवासीयों से अनुरोध है कि उपरोक्त 33 के.व्ही. लाईन से सुरक्षित दूरी बनाये रखें एवं लाईन के नीचे किसी भी प्रकार का निर्माण व कृषि सम्बंधित कार्य (मिजाई - मिसाई, धान उड़ाई) आदि कार्य ना करें एवं अपने मवेशियों आदि को खम्भे स्टे सेट से न बांधे एवं लाईन से दूर रखें।

अतः उक्त नई 33 के.व्ही जी.के. टाउनशिप फीडर को दिनांक 30.05.2024 के बाद कभी भी ऊर्जीकृत करने बाबत् सूचना प्रसारित की जा रही है ।

(आर.के.तिवारी 91338242)
कार्यपालन अभियंता (स./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. सिलतरा

S-40254/1

संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ़
सरदार वल्लभ भाई पटेल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जी. ई. रोड, रायपुर
दूरभाष नं.-0771 Email-dir-sportsyw.cg@gov.in Web - www.sportsyw.cg.gov.in

क्रमांक/खेल अका. - 252/A 2024-25/235 रायपुर, दिनांक 28/05/2024

सूचना

रायपुर जिले में एन. एम. डी. सी. लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से संचालित विभागीय आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों के प्रवेश नवीनीकरण एवं नवीन प्रवेश हेतु खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन दिनांक 03 एवं 04 जून 2024 तक (2 दिवस) समय प्रातः 07.00 बजे से किया जा रहा है। इस चयन ट्रायल में में राज्य के बालक /बालिका तीरंदाजी खिलाड़ी एवं अन्य राज्यों के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। जिसमें प्रथम दिवस खिलाड़ियों का पंजीयन एवं दस्तावेज परीक्षण, चिकित्सकीय परीक्षण एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा, रायपुर में तथा द्वितीय दिवस खेल कौशल परीक्षण तीरंदाजी एरिना साईंस कॉलेज मैदान, रायपुर में किया जावेगा। चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति के द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा । खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेईंग किट, दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। छात्रावासी खेल अकादमी मे खेल के अनुसार निम्नानुसार संख्या निर्धारित की गई हैः- तीरंदाजी बालक / बालिका - 30 सीट ।

आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी, का चयन परीक्षण निर्धारित तिथि और स्थल पर किया जावेगा। चयन ट्रायल में सम्मिलित होने हेतु खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों से संपर्क कर सकते है ।

**( उक्त आयोजन विभाग की नियमित प्रक्रिया है, जिससे आदर्श आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन नहीं होता है ।)**

( संचालक महो. द्वारा अनुमोदित)

(अवंती गुप्ता)
सहायक संचालक
खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़, रायपुर

G-242500074/2

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में वृद्धि प्राप्त होगी। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रुझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोतरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**भड़काऊ भाषण से जुड़ा है मामला**

## दिल्ली दंगा केसः चार साल से जेल में बंद शरजील इमाम को हाईकोर्ट ने दी जमानत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कार्यकर्ता शरजील इमाम को दिल्ली के जामिया क्षेत्र और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए उनके खिलाफ दर्ज राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) मामले में वैधानिक जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की खंडपीठ ने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए आदेश पारित किया कि वह अपने खिलाफ लगाए गए अपराधों के लिए आधी सजा पहले ही काट चुका है। हालांकि, इमाम जेल में ही रहेगा क्योंकि वह 2020 के दिल्ली दंगों से संबंधित बड़ी साजिश के मामले में भी आरोपी है।

**अवैध खनन मामला**

## रोपड़ में 13 स्थानों पर ईडी के छापे, 3.5 करोड़ रु. जब्त

एजेंसी ▶▶ रोपड़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को प्रदेश में खनन माफियों पर दबिश दी। ईडी की 13 टीमों ने खनन माफियों के करीब 28 ठिकानों पर छापामारी की। प्रदेश के रूपनगर और होशियारपुर में इन 28 जगहों पर ईडी की 13 टीमों ने रेड कर 3.5 करोड़ रुपये की नकदी भी बरामद की। प्रदेश में खनन माफिया जोरों से काम कर रहा है, इसको लेकर केंद्रीय जांच एजेंसियों को इनपुट मिले थे। बीते दिनों पंजाब विजिलेंस की ओर से भी प्रदेश के अलग-अलग जिलों में करीब 20 खनन माफियों के नाम सहित और इस कालाबाजारी में शामिल अफसरों के नाम सहित डीजीपी पंजाब को इनपुट भेजे गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बीते दिनों पटियाला में पंजाब की पहली चुनावी सभा में कहा था कि प्रदेश सरकार का यहां आदेश नहीं चलता, यहां खनन माफिया, ड्रग्स माफिया और गैंगस्टरों की मनमानी चलती है।

## शब्द पहेली - 5526



**बाएँ से दाएँ**

1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**

1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 5525 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5537

✱✱✱✱✱ कठिनतम



**सूडोकु नवताल - 5536 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

MANGAL SENACHA, BANGALORE

## खबर संक्षेप

### श्रीलंकाः आईएसआईएस से जुड़े होने के संदेह में दो और लोग गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका पुलिस ने प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) से कथित तौर पर जुड़े होने के मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईएसआईएस के साथ कथित संबंधों को लेकर भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने पिछले दिनों श्रीलंका के चार नागरिकों को गिरफ्तार किया था। चारों लोग इंडिगो कंपनी की एक उड़ान से 19 मई को कोलंबो से चेन्नई आए थे। श्रीलंका के सुरक्षा बलों को शक है कि 46 वर्षीय उस्मानद जेराॅड उपरोक्त चार श्रीलंकाई नागरिकों का आका है और श्रीलंका से भारत में दाखिल होने के लिए उनकी मदद करता है।

### जबरन घर खाली करवाने के मामले में आजम दोषी करार

**रामपुर (उप्र)।** रामपुर जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति का घर जबरन खाली कराकर उसे ध्वस्त करवाने के आठ साल पुराने एक मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान को दोषी करार दिया है। खान इस वक्त सीतापुर जेल में बंद हैं और वहीं से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये उनकी पेशी हुई। अदालत ने तत्काल सजा का ऐलान नहीं किया है। खान के वकील विनोद शर्मा ने बताया कि जबरन मकान खाली करवाकर उसे ध्वस्त करवाने के मामले में विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने पूर्व मंत्री को दोषी करार दिया है।

### सेना भर्ती 'घोटाला' लेफ्टिनेंट कर्नल के खिलाफ नई एफआईआर

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 2021 में सेना में भर्ती की प्रक्रिया में कथित अनियमितता को लेकर जांच का सामना कर रहे लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक के एक अधिकारी के खिलाफ बुधवार को रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कथित अनियमितता के समय पुणे स्थित सेना के दक्षिण कमान मुख्यालय में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल विकास रायजादा और हवलदार सुशांत नाहक पर 2021 में 'मल्टी-टास्किंग' कर्मी के पद पर भर्ती होने के आकांक्षियों से रिश्वत लेने का आरोप है।

# भारत ने किया हवा से सतह पर मार करने वाली 'रुद्रएम-2' मिसाइल का सफल परीक्षण

## इस मिसाइल को एमकेआई फाइटर जेट से किया गया लांच

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भारतीय रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन डीआरडीओ ने बुधवार को सुबह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हवा से सतह पर मार करने वाली रुद्रम-2 मिसाइल का सफल परीक्षण किया। जानकारी के अनुसार इस मिसाइल को सु 30 एमकेआई फाइटर जेट से लांच किया गया। इस परीक्षण के दौरान कंट्रोल एंड गाइडेंस, इलेक्ट्रो आप्टिकल सिस्टम, रडार और टेलिमेट्री स्टेशंस की भी जांच की गई। परीक्षण के दौरान मिसाइल के प्रोप्लशन सिस्टम, कंट्रोल एंड गाइडेंस सिस्टम, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम, राडार और टेलिमेट्री स्टेशंस की जांच की गई। फ्लाइट डेटा कई स्टेशनों पर तैनात राडार से मिलाया गया। यह ऐसी मिसाइल है, जो दुश्मन के किसी भी तरह के एसेट यानी हथियार, बंकर, जहाज, विमान, आयुध डिपो को उड़ा सकती है। आइए अब जानते हैं इस मिसाइल की ताकत। यह मिसाइल दुश्मन की तरफ 6791.4 किमी/ अवर की स्पीड से जाती है।

*मिसाइल प्रपल्शन प्रणाली, नियंत्रण और पथ-प्रदर्शन से संबंधित आंकड़ों की सटीकता पर खरी उतरी। इसके साथ ही मिसाइल ने परीक्षण के सभी उद्देश्यों को पूरा किया।*




### रफ्तार और सटीक निशाने का जवाब नहीं

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## आइनॉक्स विंड ने कर्ज घटाने जुटाए 900 करोड़



**नई दिल्ली।** पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आईनॉक्स विंड एनर्जी ने आईनॉक्सजीएफएल समूह की अनुषंगी कंपनी आईनॉक्स विंड लिमिटेड के शेयर बेचकर 900 करोड़ रुपये जुटाए हैं। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, यह आईनॉक्स विंड लिमिटेड में बाह्य ऋण को पूरी तरह से खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## एसजेवीएन का मुनाफा बढ़कर 61 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एसजेवीएन का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत मुनाफा दोगुना से अधिक बढ़कर 61.08 करोड़ रुपये हो गया है। असाधारण आय की वजह से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 17.21 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

## इमामी का लाभ 3.6% बढ़कर 146.75 करोड़

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख घरेलू कंपनी इमामी लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 3.62 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 146.75 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 141.62 करोड़ रुपये रहा था।

## ओमैक्स को मार्च तिमाही में 145 करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी ओमैक्स लिमिटेड को बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 145.05 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आमदनी 82 प्रतिशत बढ़ी है। वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी को 105.47 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

## क्रोनॉक्स लैब का आईपीओ तीन जून को खुलेगा



**नई दिल्ली।** खास तरह के रसायन बनाने वाली कंपनी क्रोनॉक्स लैब साइंसेज ने अपने तीन जून को खुलने वाले आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 129-136 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी की तरफ से बाजार नियामक सेबी के समक्ष दाखिल दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक, तीन-दिन का निर्गम पांच जून को बंद होगा।

## पीटीसी इंडिया के निदेशक मंडल की बैठक टली




**नई दिल्ली।** बिजली कारोबार समाधान प्रदाता पीटीसी इंडिया ने 30 मई को होने वाली अपने निदेशक मंडल की बैठक टाल दी है। पीटीसी इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने यह निर्णय अपनी अनुषंगी कंपनी पीएफएस के वित्तीय नतीजे नहीं मिलने के कारण लिया है। पीटीसी इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज (पीएफएस) में पीटीसी इंडिया की 64.99 प्रतिशत हिस्सेदारी है और यह भारतीय रिजर्व बैंक के साथ एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में पंजीकृत है।

# एचडीएफसी बैंक का फैसला, अब इस रकम के लेन देन पर नहीं आएगा एसएमएस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

- इसी तरह 500 रुपए से ज्यादा रकम रिसीव करने पर ही एसएमएस आएगा
- यह फैसला आगामी 25 जून से लागू हो रहा है

यदि आप निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, एचडीएफसी बैंक के ग्राहक हैं तो आपके लिए एक बड़ा अपडेट आया है। बैंक के ग्राहकों को एक निश्चित रकम से कम अमाउंट का यूपीआई ट्रांजेक्शन करने पर टैक्स्ट मैसेज नहीं मिलेगा। यह फैसला बैंक ने कर तो लिया है, लेकिन इसे तत्काल प्रभाव से लागू नहीं किया जा रहा है। इस निर्णय को अगले महीने 25 तारीख से लागू किया जा रहा है। एचडीएफसी बैंक की तरफ से ग्राहकों को भेजी गई जानकारी में बताया गया है कि 25 जून 2024 से आपके एसएमएस अलर्ट सेवा में कुछ बदलाव किया जा रहा है। अब यदि आप किसी को यूपीआई के जरिए 100 रुपए से ज्यादा रकम भेजते हैं, तभी एसएमएस अलर्ट भेजा जाएगा। आप 500 रुपए से ज्यादा रकम प्राप्त करते हैं, तभी एसएमएस अलर्ट भेजा जाएगा।

### यूपीआई के जरिए 100 रुपए से ज्यादा रकम भेजने पर ही एसएमएस भेजेगा बैंक

#### यूपीआई में एवरेज ट्रांजेक्शन वैल्यू कम हो रहा है

यूपीआई ट्रांजेक्शन का पिछले कुछ साल का एवरेज देखें तो इसमें कमी हो रही है। साल 2022 की दूसरी छमाही में यह 1648 रुपए था जो कि साल 2023 की दूसरी छमाही में कम हो कर 1515 रुपए हो गई। मतलब कि करीब आठ फीसदी की कमी। लेकिन यह भी उल्लेखनीय है कि छोटी रकम के लिए यूपीआई का इस्तेमाल बढ़ा है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार साल 2023 में यूपीआई के जरिए लेनदेन का आंकड़ा 11.8 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।




#### अभी तक क्या है व्यवस्था

अभी तक एचडीएफसी बैंक हर ट्रांजेक्शन पर आपको टेक्स्ट मैसेज भेजता है। मतलब कि जब आप कोई पेमेंट करते हैं या आपके खाते में कहीं से पैसे आते हैं तो उस बारे में तुरंत आपको एसएमएस मिलता है। चाहे यह ट्रांजेक्शन 10 रुपए का क्यों नहीं हो। अब यह व्यवस्था खत्म हो जाएगी और अगले महीने से नई व्यवस्था लागू हो जाएगी।

#### ईमेल अलर्ट में क्या

बैंक ने स्पष्ट किया है कि ईमेल अलर्ट पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। ग्राहकों को सभी ट्रांजेक्शन पर पहले की तरह ईमेल अलर्ट मिलता रहेगा। बैंक ने सभी ग्राहकों को कहा है कि वे अपना इमेल अपडेट कर लें। ईमेल अपडेट करने के लिए बैंक ने सभी ग्राहकों को एक लिंक भी भेजा है।

### परिदृश्य स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक किया

# एसएंडपी ने भारत के साख परिदृश्य को 'सकारात्मक' किया, दो साल में सुधरेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी रेटिंग है। एजेंसी ने पिछली बार 2014 में रेटिंग परिदृश्य को 'नकारात्मक' से बढ़ाकर 'स्थिर' किया था।

*एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को 'स्थिर' से बढ़ाकर 'सकारात्मक' कर दिया है। मजबूत वृद्धि, पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक व्यय की बेहतर गुणवत्ता तथा सुधारों और राजकोषीय नीतियों में व्यापक निरंतरता की उम्मीद के बीच 10 साल के अंतराल के बाद भारत के रेटिंग परिदृश्य में यह बदलाव संभव हुआ है।*

#### भारत सतर्क राजकोषीय नीति अपनाता है

अमेरिका की एजेंसी ने बुधवार को बयान में कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक मोर्चे पर जुझारूपन बढ़ता है तो वह अगले 24 महीने में भारत की साख को बढ़ा सकती है।

#### आरबीआई के लाभांश से राजकोषीय घाटा कम होगा

एसएंडपी की रेटिंग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को 2.10 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश हस्तांतरित करने के एक सप्ताह के भीतर आई है। इस राशि का इस्तेमाल केंद्र के राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए किया जा सकता है।

- दस साल के अंतराल के बाद भारत के रेटिंग परिदृश्य में बदलाव
- भारत की सॉवरेन रेटिंग निम्नतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी-' बरकरार
- एजेंसी ने 2014 में रेटिंग परिदृश्य नकारात्मक से बढ़ाकर स्थिर किया था




#### राजकोषीय स्थिति हमेशा से कमजोर रही

एसएंडपी ने कहा कि यदि भारत का राजकोषीय घाटा सार्थक रूप से कम होता है और परिणामस्वरूप सामान्य सरकारी ऋण संरचनात्मक आधार पर सकल घरेलू उत्पाद के सात प्रतिशत से नीचे आ जाता है, तो वह रेटिंग बढ़ा सकती है। एसएंडपी ने कहा कि पिछले चार से पांच वर्षों में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

***फिच, मूडीज ने सबसे निम्न निवेश ग्रेड रेटिंग दी***

*सार्वजनिक निवेश तथा उपभोक्ता गति अगले तीन से चार साल में ठोस वृद्धि संभावनाओं को आधार प्रदान करेगी। सभी तीन प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी, फिच और मूडीज ने भारत को सबसे निम्न निवेश ग्रेड रेटिंग दी है।*

#### भारत अपना आर्थिक सुधार बनाए रखेगा

एसएंडपी ने कहा, 'सकारात्मक परिदृश्य हमारे इस दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है कि निरंतर नीतिगत स्थिरता, गहन आर्थिक सुधार तथा उच्च बुनियादी ढांचा निवेश दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को बनाए रखेंगे।' एजेंसी का अनुमान है कि पिछले तीन वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर औसतन 8.1 प्रतिशत सालाना रही है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है।

#### सरकारी व्यय की गुणवत्ता में सुधार

एसएंडपी ने कहा,'' भारत के प्रति हमारा सकारात्मक परिदृश्य इसकी मजबूत आर्थिक वृद्धि, सरकारी व्यय की गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार और राजकोषीय समावेशन के प्रति राजनीतिक प्रतिबद्धता पर आधारित है। हमारा मानना है कि ये कारक मिलकर ऋण परिदृश्य को लाभ पहुंचा रहे हैं।''

#### भारत का परिदृश्य संशोधित किया गया

एसएंडपी ने कहा, ''मजबूत वृद्धि और सरकारी खर्च की बढ़ती गुणवत्ता के दम पर भारत का परिदृश्य संशोधित कर 'सकारात्मक' किया गया। साथ ही 'बीबीबी-' दीर्घकालिक और 'ए-3' अल्पकालिक विदेशी तथा स्थानीय मुद्रा सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग की पुष्टि की जाती है।''

#### उधार लेने की लागत पर प्रभाव पड़ता है

साख रेटिंग किसी देश के निवेश परिदृश्य के जोखिम स्तर को मापने का एक साधन है। साथ ही निवेशकों को देश की अपना ऋण चुकाने की क्षमता से अवगत कराती है। निवेशक इन रेटिंग को देश की साख के मापदंड के तौर पर देखते हैं और इसका उधार लेने की लागत पर प्रभाव पड़ता है।

# चांदी में रिकॉर्ड तेजी जारी 1,150 रुपए चढ़कर 97,100 रुपए के उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- लगातार तीसरे दिन चांदी में तेजी बनी रही
- सोना 250 रुपए चढ़कर 73,200 रुपए प्रति दस ग्राम

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं सोना भी 250 रुपये चढ़ गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार तीसरे दिन चांदी में मजबूती बनी रही। इसकी कीमत 1,150 रुपये के उछाल के साथ 97,100 रुपये प्रति किग्रा हो गई। मंगलवार को चांदी 95,950 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में बुधवार को चांदी 96,493 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। इस बीच, राजधानी में सोना 250 रुपये मजबूत होकर 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) की कीमतें 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद भाव (72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम) से 250 रुपये अधिक है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,352 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से छह डॉलर अधिक है। इ

#### हाजिर चांदी की कीमतों में 35 फीसदी की तेजी

इस साल अबतक हाजिर चांदी की कीमतों में 35 प्रतिशत की तेजी आई है, जो 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। एमसीएक्स पर सबसे ज्यादा कारोबार वाला चांदी का जुलाई अनुबंध 52 रुपये की तेजी के साथ 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक द्विवेदी का रायपुर दौरा

**रायपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक पंकज द्विवेदी दो दिन के रायपुर प्रवास पर रहे। कार्यकारी निदेशक पंकज द्विवेदी के द्वारा बड़ी शाखाओं का निरीक्षण किया गया व व्यवसाय बढ़ाने के सुझाव दिये गए।



उक्त प्रवास के दौरान वे विभिन्न यूनिट्स के दौरे पर गये एवं अच्छे व्यापार की संभावनाओं को तलाशने पर जोर दिया। क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्यों की बैठक के दौरान उनके द्वारा विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया व शाखाओं को प्रेरित करने पर बल दिया गया। कार्यकारी निदेशक महोदय द्वारा शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक की गयी, प्रतिष्ठित ग्राहकों से मुलाकात की गई व अपने अनुभव साझा किए गए तथा भविष्य मे नए खातों को लाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर बैंक द्वारा एक स्व-सहायता समूह ऋण वितरण शिविर का आयोजन ग्राम तेंदुआ, रायपुर में किया गया। जिसमें ग्राम तेंदुआ के स्व-सहायता समूहों की महिला उद्यमियों को ऋण अनुमोदन पत्र प्रदान किये गए। इसके साथ ही एक सीएसआर एक्टिविटी भी आयोजित की गयी।

# संजीवनी कैंसर अस्पताल में कैंसर जागरूकता सप्ताह हुआ शुरू

- सुविधाओं के साथ मरीजों को मिलेगी छूट भी



**रायपुर।** तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कड़ी में संजीवनी कैंसर अस्पताल की ओर से 27 मई से 1 जून तक कैंसर जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है जिसमें लोगों को कैंसर रोग से बचाव और उपचार के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ ही इस दौरान कई सहूलियतें मिलेगी। निशुल्क परामर्श लिया जा सकेगा। कैंसर की स्क्रीनिंग और स्क्रीनिंग टेस्ट पर 50 फीसदी की विशेष छूट है। स्क्रीनिंग पैकेज की भी सुविधा है। दावड़ा कॉलोनी, पचपेढ़ी नाका स्थित संजीवनी कैंसर अस्पताल के वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ. यूसुफ मेमन के अनुसार धूम्रपान और तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इससे मुंह, फेफड़ा में कैंसर जैसी बीमारी हो सकती है। इनका सेवन करने वाले मरीज खुद तो इस बीमारी के शिकार होते ही हैं, वे अपने आस-पास के लोगों को भी इस बीमारी का शिकार बनाते हैं।

#### शुरूआती स्टेज में किया जा सकता है ठीक

शुरुआती स्टेज में कैंसर को पहचान कर इसे पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। इसके लिए शुरुआती कैंसर के लक्षणों की पहचान जरूरी है। सबसे पहले कैंसर की स्क्रीनिंग बेहद जरूरी है। कैंसर की स्क्रीनिंग सभी को कराना चाहिए, भले ही उन्हें कैंसर की कोई शंका न भी हो।

## आरबीआई ने एडलवाइस की कर्ज देने वाली इकाई पर लगाया प्रतिबंध

**मुंबई।** आरबीआई ने बुधवार को एडलवाइस ग्रुप की कर्ज और संपत्ति पुनर्निर्माण इकाइयों पर कारोबारी पाबंदियां लगाईं। मौजूदा कर्ज के लौटाने में चूक को टालने के लिए नये कर्ज देने को लेकर चिंता के बीच यह कदम उठाया गया है। केंद्रीय बैंक ने ईसीएल फाइनेंस लि. (ईसीएल) को अपने थोक कर्ज के संबंध में संरचनात्मक लेन-देन से दूर रहने को कहा है। इसमें पुनर्भुगतान और/या खातों को बंद करने के कदम को शामिल नहीं किया गया है।

# एक्सिस बैंक ने एनएफसी साउंडबॉक्स किया लांच

**रायपुर।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने बुधवार को मास्टरकार्ड के साथ मिलकर एनएफसी साउंडबॉक्स लांच करने की घोषणा की। व्यापारी समुदाय के लिए उद्योग में पहली बार पेश किया गया यह नया साउंडबॉक्स एक ऑल-इन-वन सॉल्यूशन के रूप में काम करेगा, जिससे उपयोगकर्ता भारत क्यूआर, यूपीआई, टैप एंड पे और टैप+पिन भुगतान स्वीकार कर सकेंगे। इस लांच के साथ, एक्सिस बैंक भारत का पहला ऐसा बैंक है, जो ऐसा साउंडबॉक्स पेश करने जा रहा है जो टैप+पिन भुगतान स्वीकार कर सकता है, जिससे व्यापारी कार्ड इंस्ट्रूमेंट्स के माध्यम से 5000 रुपए से अधिक के लेनदेन स्वीकार कर सकेंगे। डिवाइस में दोहरी पुष्टि की सुविधा होगी, जो अपने स्पीकर के माध्यम से ऑडियो संकेत और स्क्रीन पर सात से अधिक भाषाओं में विजुअल फीडबैक प्रदान करेगी।

# एनएमडीसी का वित्त वर्ष-24 में ऐतिहासिक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद



भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने वित्त वर्ष-24 के परिणाम घोषित किए हैं। वित्तीय वर्ष-24 में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज करते हुए कंपनी ने लौह अयस्क का 45.02 मिलियन टन उत्पादन किया और 44.48 मिलियन टन बिक्री की।

वित्त वर्ष-23 की तुलना में उत्पादन में 10 प्रतिशत की वृद्धि और बिक्री में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए एनएमडीसी अब भारत की पहली खनन कंपनी है जो लौह अयस्क उत्पादन में 45 मिलियन टन को पार कर गई है। प्रभावशाली प्रदर्शन पर विचार व्यक्त करते हुए अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि 45 एमटी का आंकड़ा पार करने की हमारी उपलब्धि भारतीय खनन उद्योग में एक ऐतिहासिक क्षण है। राष्ट्र के विकास को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण उद्योगों को मजबूत करने में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। आज जब वैश्विक अर्थव्यवस्था आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, वस्तुओं की अस्थिर कीमतों और पर्यावरणीय विषयों का सामना कर रही है, तब एनएमडीसी सुव्यवस्थित कार्यप्रणालियों, प्रौद्योगिक नवाचार और हितधारकों से जुड़ाव के अपने लक्ष्य में दृढ़ संकल्पित होकर शक्ति और सामर्थ्य के प्रतीक के रूप में उभर रहा है।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट, सेंसेक्स 668 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- चुनाव नतीजे आने से पहले निवेशक सतर्क हुए
- निवेशकों ने बाजार में की मुनाफावसूली

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 667 अंक से अधिक लुढ़क गया। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले सतर्क निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 667.55 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,000 अंक के नीचे 74,502.90 अंक पर बंद हुआ। यह कारोबार के दौरान 715.9 अंक टूटकर 74,454.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था । निफ्टी भी 183.45 अंक की गिरावट के साथ 22,704.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी सोमवार को अपने अबतक के उच्चतम स्तर 23,110.80 अंक पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयर चढ़ गए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख को देखते हुए निवेशकों ने अमेरिका में कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) आंकड़े जारी होने से पहले मुनाफावसूली की।

#### निवेशकों को लगी 5.12 करोड़ की चपत

शेयर बाजार में लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 5.12 लाख करोड़ रुपये घट गई है। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बुधवार तक चार कारोबारी सत्रों में 5,12,921.96 करोड़ रुपये घटकर 4,15,09,713.94 करोड़ रुपये (4.98 लाख करोड़ डॉलर) पर आ गया है। अपने सर्वकालिक शिखर से बीएसई सेंसेक्स 1,506.78 अंक नीचे है।

### पेटीएम हिस्सेदारी बेचने के लिए कोई बातचीत नहीं कर रही

# पेटीएम ने अदाणी से डील की खबरों को गलत बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि वह अदाणी समूह को हिस्सेदारी बेचने के लिए कोई बातचीत नहीं कर रही है। अदाणी समूह ने भी ऐसी खबरों को 'गलत और असत्य' करार दिया है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है।

उद्योगपति गौतम अदाणी के पेटीएम में संभावित हिस्सेदारी खरीदने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा के साथ बातचीत करने संबंधी खबरों पर वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा, 'यह केवल अटकलें हैं। कंपनी इस संबंध में कोई बातचीत नहीं कर रही है।'

#### खबर को अटकलबाजी बताया

फरवरी में ऐसी खबरें आई थीं कि कंपनी अरबपति मुकेश अंबानी की जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ बातचीत कर रही है, लेकिन दोनों ही कंपनियों ने इससे इनकार किया था। पेटीएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'उपर्युक्त विषय के संदर्भ में हम स्पष्ट करते हैं कि उपर्युक्त खबर अटकलबाजी है और कंपनी इस संबंध में किसी भी चर्चा में शामिल नहीं है।'

*पेटीएम ने अपना आधा बाजार मूल्य खोया : विदेशी संस्था रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट के जरिए उनके पास 10.3 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। नियमों के उल्लंघन के कारण अपनी बैंकिंग इकाई को बंद करने के बाद से पेटीएम ने अपना करीब आधा बाजार मूल्य खो दिया है। इसके बाद से अधिग्रहण के संबंध में लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं।*




#### विजय शर्मा के पास पेटीएम की 9.1 फीसदी हिस्सेदारी

दूसरी ओर, अदाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा, 'हम इस आधारहीन अटकलबाजी का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं। यह पूरी तरह से गलत और असत्य है।' मार्च के अंत तक विजय शेखर शर्मा के पास व्यक्तिगत हैसियत से पेटीएम की 9.1 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

#### चौथी तिमाही में कंपनी का घाटा बढ़कर 550 करोड़

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था। फिनटेक कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया।

## खबर संक्षेप



### विश्व शतरंज चैंपियनशिप मैच की मेजबानी का भारत ने किया दावा

**नई दिल्ली।** भारत ने डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच इस साल नवंबर दिसंबर में होने वाले विश्व शतरंज चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी की दावेदारी कर दी है। सत्रह वर्ष के गुकेश पिछले महीने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने। वह 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच लिरेन का सामना करेंगे और अगर भारत को मेजबानी मिल जाती है तो यह मुकाबला चेन्नई में होगा। फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की ने कहा, 'हमें भारत से मेजबानी की दावेदारी मिल गई है।' अभी तक किसी और ने दावेदारी नहीं की है और इसके लिए समय सीमा 31 मई तक की है।

### भारतीय जूनियर पुरुष टीम जर्मनी से हारी

**मोनशेनग्लाबाख।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का



सामना करना पड़ा। मंगलवार को हुए इस मुकाबले में भारत के लिए योगेंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल दागे। भारत यूरोप दौरे पर अपना अंतिम मैच बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में जर्मनी के खिलाफ खेलेगा।

### एआईएफएफ फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 22 से

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन गुजरात में 22 जून से पांच जुलाई तक



स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। टूर्नामेंट का ड्रॉ बुधवार को यहां फुटबॉल हाउस में हुआ। टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 18 टीम हिस्सा लेंगी। संबंधित राज्य संघों ने 14 टीमों को नामित किया है जबकि पिछले सत्र में फुटसाल क्लब चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली फुटबॉल क्लब, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, मिनर्वा अकादमी एफसी और इलेक्ट्रिक वेंग फुटसाल क्लब को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश दिया गया है।

### टीम यूरोप के कप्तान होंगे यानिक नोआह

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन 1983 चैंपियन यानिक नोआह लावेर कप 2025 में ब्योर्न बोर्ग की जगह यूरोपीय टेनिस टीम के कप्तान होंगे। पिछले सप्ताह आंद्रे अगासी को विश्व टीम का कप्तान चुना गया जो जॉन



मैकेनरो की जगह लेंगे। नोआह ग्रैंडस्लैम जीतने वाले फ्रांस के आखिरी खिलाड़ी थे जो 1986 में एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान तक पहुंचे। वह बाद में टीम के डेविस कप और बिली जीन किंग्स कप कप्तान भी रहे और खिताब जीता। उन्हें 2005 में अंतरराष्ट्रीय हाल आफ फेम में शामिल किया गया। अगला लावेर कप सेन फ्रांसिस्को में होगा।

### यूटीटी का 5वां सत्र 22 अगस्त से शुरू होगा

**नई दिल्ली।** अल्टीमेट टेबल टेनिस का पांचवां सत्र 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होगा जिसमें जयपुर और अहमदाबाद से दो नई टीम हिस्सा लेंगी। आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

Ultimate Table Tennis

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग का आयोजन चार साल बाद पिछले साल हुआ था। नीरज बजाज और वीटा दानी इस लीग के प्रमोटर हैं। यूटीटी की विज्ञप्ति के अनुसार पहली बार लीग में आठ टीम हिस्सा लेंगी। अहमदाबाद एसजी पाइपर्स और जयपुर पैट्रियट्स लीग की दो नई टीम होंगी।

# कोहली और रोहित के पास भारत को 13 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी दिलाने का अंतिम मौका

**अगला टी20 वर्ल्ड कप तक रोहित 40 और कोहली 38 वर्ष के होंगे**

**बेंगलुरु।** ऐसे दो क्रिकेटर मिलना मुश्किल है जो एक-दूसरे से इतने अलग हों लेकिन फिर भी भाग्य के धागे से इतने करीब से जुड़े हों जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा। रोहित ने शीर्ष स्तर के क्रिकेट में शुरुआत 2007 में बेलफास्ट में की जबकि कोहली ने इससे एक साल बाद दांबुला में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। एक साथ चले इस सफर का एक और दिलचस्प अध्याय संभवतः अगले महीने कैरेबियाई द्वीपों में समाप्त हो जाएगा। अगला टी20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे लेकिन तब रोहित 40 बरस के होने वाले होगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे। एकदिवसीय प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा। खेल की स्ट्राइक रेट से जुड़ी प्रकृति में लगातार इजाफा हो रहा है और इसे देखते हुए इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना मुश्किल है। इसलिए रोहित और कोहली दोनों अगले महीने विजेता का पदक अपने गले में लटकाए मंच से विदा लेना चाहेंगे। अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी20 विश्व कप (रोहित) और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप (कोहली) के बाद उनका दूसरा विश्व खिताब होगा। और यह उन दो खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन विदाई होगी जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में काफी प्रभाव डाला।



### कोहली तीनों प्रारूप के विशेषज्ञ बल्लेबाज

*दोनों बल्लेबाजों में कोहली सभी प्रारूपों के अधिक अनुकूल बल्लेबाज हैं जिन्होंने खेल के बदलते स्वरूप के साथ अधिक सहजता से अनुकूलन किया है। उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में हर जगह रन बनाए हैं जो सचिन तेंदुलकर के सुनहरे दिनों के बाद शायद ही कभी देखा गया हो। रोहित ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपनी अलग पहचान बनाई लेकिन मुंबई का यह बल्लेबाज अपने करियर में अधिकांश समय टेस्ट क्रिकेट में वह सफलता हासिल नहीं कर पाया। करियर के दूसरे हाफ में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में हालांकि रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन किया।*

## ठंड से सामंजस्य बिठाने भारतीय खिलाड़ियों ने शुरू किया अभ्यास

**न्यूयॉर्क।** दूधिया रोशनी में दो महीने तक आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने विराट कोहली के बिना टी20 विश्व कप के लिए यहां सुबह ट्रेनिंग सत्र के साथ अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। टी20 विश्व कप में भारत के सभी शुरुआती मैच सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होंगे इसलिए सुबह के ट्रेनिंग सत्र को तवज्जो दी गई। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बाहर होने के बाद कोहली ने व्यक्तिगत काम के लिए ब्रेक लिया है और उनके शुक्रवार को टीम से जुड़ने की संभावना है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह लंबी यात्रा के बाद शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले भारत के एकमात्र अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे या नहीं।



### हल्की 'जांगिग से शुरुआत

टीम के 14 खिलाड़ियों ने शुरुआत हल्की 'जांगिग' से की, इसके बाद 'शटल रन' लगाई और कुछ 'फुट वॉली' भी की। स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग कोच सोहम देसाई ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' से कहा, 'वे ढाई महीने हमारे साथ नहीं थे जिससे हमारा लक्ष्य है कि पता किया जाए कि वे अभी किस स्थिति में हैं और विश्व कप से पहले क्या करने की जरूरत है। पहला लक्ष्य धूप में 45 मिनट बिताने का है। खिलाड़ी 'टाइम जोन' के अनुकूल हो रहे हैं। आज हम अपना पहला मैदानी सत्र कर रहे हैं।'

### न्यूयॉर्क में क्रिकेट खेलने की जिज्ञासा

खिलाड़ियों में न्यूयॉर्क में क्रिकेट खेलने की जिज्ञासा है। भारतीय टीम ने वेस्टइंडज के अपने दौरों पर फ्लोरिडा में फोर्ट लॉडरहिल मैदान पर खेल चुकी है। आल राउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा, 'पहली बार हम न्यूयॉर्क में क्रिकेट खेलेंगे, यह मजेदार होगा। हमने अभी तक क्रिकेट नहीं खेला है, हम आज यहां टीम गतिविधियों के लिए आए हैं। उम्मीद है कि यह अच्छा होगा। मौसम बहुत अच्छा है।' उप कप्तान हार्दिक पंड्या खिली धूप और अच्छे मौसम से उत्साहित दिखे जबकि सूर्यकुमार यादव वहां के प्रवासी लोगों की क्रिकेट में दिलचस्पी के बारे में जानना चाहते थे।

# फ्रेंच ओपन : जोकोविच ने पहले दौर में ह्यूजेस हर्बर्ट को हराया

एजेंसी ▶▶| पेरिस

सर्बिया के नोवाक जोकोविच अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद मंगलवार रात को यहां पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने फ्रांस के ह्यूजेस हर्बर्ट को 6-4, 7-6, 6-4 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'मैं काफी रोमांचित नहीं होना चाहता। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए अच्छा प्रदर्शन था। ठोस प्रदर्शन। बेशक, मैं बेहतर कर सकता था, मुझे लगता है कि रिटर्न करते हुए मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकता था लेकिन काफी अच्छी सर्विस करने के लिए उसे भी श्रेय जाता है।' जोकोविच के लिए 2024 सत्र उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है लेकिन इसके बावजूद उनकी नजरें 25 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीतने वाला दुनिया का पहला खिलाड़ी बनने पर टिकी हैं। जोकोविच रोलां गैरो पर तीन बार के



विजेता हैं और अपनी नंबर एक रैंकिंग बचाने के लिए उन्हें एक बार फिर फाइनल में जगह बनानी होगी। लेकिन पेरिस आने से पहले इस साल वह किसी टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंचे हैं। इस दौरान उन्हें तीन बार सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच दूसरे दौर में स्पेन के 63वें नंबर के खिलाड़ी रॉबर्टो कारबेलास बेइना से भिड़ेंगे।

### अल्काराज तीसरे दौर में पहुंचे

तीसरे वरीय कार्लोस अल्काराज ने क्वालीफायर जेस्पर डि जोंग पर जीत से तीसरे दौर में प्रवेश किया। भारी बारिश के कारण 23 मैच स्थगित हो गए। उन्होंने नीदरलैंड के 23 साल के जोंग पर 6-3, 6-4, 2-6, 6-2 से जीत हासिल की। 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सोफिया केनिन ने दूसरे दौर में 21वीं वरीय फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया को 6-3, 6-3 से हराया। ओन्स जाबेयूर ने कैमिलिया ओसोरियो को 6-3, 1-6, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। स्टेफानोस सिटसिपास ने डेनियल अल्टमायर पर 6-3, 6-2, 6-7 (2), 6-4 से जीत दर्ज की।

### रूड ने एल्वेस को दी मात

पिछले साल फाइनल में जगह बनाने वाले कैस्पर रूड और पूर्व ग्रैंडस्लैम चैंपियन एरिना सबालेंका और एलेना रिबाकिना भी मंगलवार को जीत दर्ज करने में सफल रहे। रोलां गैरो पर 2022 में भी उप विजेता रहे रूड ने फेलिप मेलिगेनी एल्वेस को 6-3, 6-4, 6-3 से हराया। दो बार की ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन सबालेंका ने एरिका आंद्रीवा को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी जबकि 2022 विंबलडन विजेता रिबाकिना ने ग्रीट मिनेन को 6-2, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।



### टीम में नस्ली कोटा को लेकर बहस में कुछ भी नया नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एबी डिविलियर्स इस बात से हैरान नहीं हैं कि दक्षिण अफ्रीका के पहली बार विश्व कप जीतने के अभियान को शुरू करने से कुछ दिन पहले स्वदेश में सिर्फ टीम में नस्ली कोटा को लेकर बात चल रही है। इस तरह की स्थिति पहले भी रही है और 2018 में संन्यास लेने वाले डिविलियर्स को खुशी है कि अब वह इस स्थिति के महज दर्शक हैं। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक डिविलियर्स ने कहा, 'इस पर ध्यान केंद्रित करते हुए टूर्नामेंट में जाना शर्मनाक है। मेरा मतलब है कि यह कोई नई बात नहीं है, यह सिर्फ एक शर्म की बात है। सौभाग्य से इस बार मेरा वहां कुछ भी लेना-देना नहीं है। मैं सिर्फ एक दर्शक हूं।' नाराजगी का कारण एक जून से कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी की मौजूदगी है।

**सिंगापुर ओपन**

## सिंधू दूसरे दौर में पहुंची लक्ष्य सेन हारकर बाहर



एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन लक्ष्य सेन दुनिया के नंबर एक विक्टर एक्सेलसेन से हारकर बाहर हो गए।

सिंधू ने दो साल पहले सिंगापुर में बीडब्लूएफ खिताब जीता था और वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में उप विजेता रही थीं। सिंधू ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लिने होजमार्क जार्सफेल्ट पर 44 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मुकाबले में 21-12, 22-20 से जीत हासिल की। दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने एक्लेसेन के सामने कड़ी चुनौती पेश की। लेकिन 62 मिनट में 13-21, 21-16, 13-21 से पराजित हो गए।

एक्लेसन ने पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में सत्र का पहला खिताब जीता था। किदाम्बी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका के खिलाफ 14-21, 3-11 से पिछड़ने के बाद रिटायर होना पड़ा। बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को मिश्रित युगल मैच में मलेशिया के गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी की जोड़ी से 18-21, 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

**नॉर्वे शतरंज**

## वैशाली ने हंपी को हराया लिरेन से हारे प्रज्ञानानंदा

एजेंसी ▶▶| स्टावेंगर

भारत की आर वैशाली यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हमवतन कोनेरु हंपी को हराकर महिला वर्ग में शीर्ष पर पहुंच गई। प्रतियोगिता में क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत प्रत्येक जीत पर तीन अंक मिलते हैं। वैशाली के दूसरे दौर के बाद चार अंक हो गए हैं और उन्होंने पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में चीन की जू वेनजुन के खिलाफ हार की भरपाई भी कर ली। महिलाओं में भारत की नवीनतम ग्रैंडमास्टर वैशाली के बाद चीन की लेइ टिंगजी और वेनजुन तीन अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। स्वीडन की पिया क्रेमलिंग और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक दो अंक के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं जबकि छह खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता में हंपी डेढ़



### क्लासिकल बाजियां ड्रॉ

पुरुष वर्ग में भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को दूसरे दौर में सामान्य टाइम कंट्रोल में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ ड्रॉ के बाद आर्मगेडोन टाई ब्रेकर बाजी में शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में एक बार फिर सभी तीन क्लासिकल बाजियां ड्रॉ रहीं। मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और लिरेन ने इसके बाद सफेद मोहरों से आर्मगेडोन बाजी खेलते हुए जीत दर्ज की और 1.5 अंक जुटाए।

### सामान्य टाइम कंट्रोल का नियम

सामान्य टाइम कंट्रोल में ड्रॉ के बाद सफेद मोहरों से खेलते हुए खिलाड़ी को 10 मिनट मिलते हैं जबकि काले मोहरों से खेलने वाले को सात मिनट। लेकिन सफेद मोहरों से खेलने वाले को जीत दर्ज करनी होती है क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को विजेता घोषित किया जाता है। कार्लसन और हिकारु नाकामूरा तथा अलीरेजा और फाबियानो कारुआना की क्लासिकल बाजी बराबरी पर छूटी। नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन तीन अंक के साथ शीर्ष पर हैं। अमेरिका के नाकामूरा, चीन के लिरेन और फ्रांस के अलीरेजा 2.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं जबकि इनके बाद कारुआना और प्रज्ञानानंद का नंबर आता है जिनमें समान दो अंक हैं।

## टी20 अभ्यास मैच : ऑस्ट्रेलिया के लिए मुख्य चयनकर्ता, कोच मैदान पर उतरे

एजेंसी ▶▶| पोर्ट ऑफ स्पेन

खिलाड़ियों की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच सहित सहयोगी स्टाफ के चार सदस्यों को मैदान पर उतराना पड़ा लेकिन इसके बावजूद टीम ने आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने डेविड वार्नर की 21 गेंद में नाबाद 54 रन की पारी के अलावा फिट हो चुके जोश



हेजलवुड (दो विकेट) तथा लेग स्पिनर एडम जंपा (तीन विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी से सात विकेट से जीत दर्ज की। टीम ने नामीबिया के 119 रन के लक्ष्य को 10 ओवर शेष रहते हासिल कर लिया।ो महीने लंबे आईपीएल में हिस्सा लेने के बाद पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, मिशेल स्टार्क, कैमरन ग्रीन, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल को स्वदेश में ब्रेक दिया गया है और ऐसे में मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली तथा मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर उतरना पड़ा। बैली और मैकडोनाल्ड के अलावा 46 साल के क्षेत्ररक्षण कोच आंद्रे बोरोवेच को भी क्षेत्ररक्षण के लिए आना पड़ा।

### टी20 रैंकिंग : टीम इंडिया विश्व कप से पहले शीर्ष पर कायम

**दुबई।** टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण के विजेता भारत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी चरण से पहले पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा। भारत के 264 रेटिंग अंक हैं। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज अपने खिलाड़ियों के टी20 विश्व कप से पहले शानदार फॉर्म में आने से चौथे स्थान पर पहुंच गई। 2012 और 2016 चरण की विजेता टीम दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 की जीत से न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से आगे है। दक्षिण अफ्रीका सातवें स्थान पर खिसक गया है। 2021 चैंपियन आस्ट्रेलिया 257 अंक से दूसरे स्थान पर है, गत चैम्पियन इंग्लैंड 254 अंक से तीसरे और वेस्टइंडीज उससे दो अंक पीछे 252 अंक पर है। न्यूजीलैंड के 250 अंक हैं जबकि पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका दोनों के 244 अंक हैं। पाकिस्तान दशमलव की गणना में दक्षिण अफ्रीका से आगे है।

**ओलंपिक क्वालीफायर में भारत का प्रदर्शन फिफ्टी-फिफ्टी**

## अंकुशिता और निशांत क्वार्टर में, अरुंधति की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो (60 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने बुधवार को यहां दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में आसान जीत से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गत राष्ट्रीय चैंपियन अरुंधति चौधरी ने आसान जीत के साथ 66 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

अंकुशिता ने कजाखस्तान की एशियाई चैंपियन रिमा वोलोसेंको पर 4-1 से जीत हासिल की। वहीं विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता



निशांत ने थाईलैंड के पीरापट यिसुंगनोएन को 5-0 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। इससे पहले अरुंधति ने पुएर्टो रिको की स्टेफनी पाइनेइरो को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया जबकि नरेंदर को इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कॉन्गो चाला के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### ओलंपिक पदक विजेताओं को नकद, पुरस्कार देगा आईबीए

**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से प्रतिबंधित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीए) ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में हर स्वर्ण पदक विजेता को वह 50000 डॉलर नकद पुरस्कार देगा। आईओसी ने आईबीए पर प्रतिबंध लगा रखा है और ओलंपिक पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने के उसके फैसले को भी मंजूरी नहीं दी है। आईबीए ने कहा कि उसके पास 13 भारवर्गों में क्वार्टर फाइनल पहुंचने वाले पुरुष और महिला मुक्केबाजों, उनके कोचों और राष्ट्रीय टीमों के लिए 21 लाख डॉलर ईनामी राशि है। हर ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन को 25000 डॉलर और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले को 10000 डॉलर दिए जाएंगे। धन के स्रोत के बारे में स्पष्टता नहीं है लेकिन रूसी मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष उमर क्रेमलेव की अगुवाई वाले आईबीए को रूसी ऊर्जा फर्म गाजप्रोम का सहयोग मिलता है।




# वो जगह जहां आज भी खरीदी और बेची जाती हैं दुल्हनें

एजेंसी ▶▶| लंदन

अक्सर हम बाजार जरुरत की चीजें खरीदने जाते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि बाजार में दुल्हन भी मिलती हैं? आज हम आपको एक ऐसे ही मार्केट के बारे में बताने जा रहे हैं। जब भी कोई शादी होती है तो लड़का-लड़की अपनी पंसद से शादी करते हैं या फिर उनका परिवार उनके लिए दूल्हा-दुल्हन चुनता है, लेकिन क्या आपने कभी ऐसी जगह के बारे में सुना है जहां दुल्हन बेची जाती हैं? जी हां, एक जगह ऐसी भी है जहां दुल्हन बेची और खरीदी जाती हैं। यहां बाजार में लोग दुल्हन को न सिर्फ पसंद करते हैं, बल्कि उसे खरीद कर भी ले आते हैं।

## यहां बेची जाती हैं दुल्हनें

बुल्गारिया में लगने वाली मंडी में सब्जियों या घरेलू सामान का नहीं, बल्कि दुल्हनों का बाजार लगता है। ये मंडी बुल्गारिया के स्तारा जागोर नाम की जगह पर लगती है। इस जगह पर मर्द अपने परिवार के साथ आकर अपने लिए पसंद की लड़की चुनते हैं। जो लड़की-लड़के को पसंद आती है, उसकी मोल-भाव किया जाता है। लड़की के घरवाले जब दिए जा रहे दाम से संतुष्ट हो जाते हैं, तब उस कीमत में अपनी बेटी को लड़के के हवाले कर दिया जाता है। इसके बाद लड़का उस लड़की को घर ले आता है और उसे अपनी पत्नी का दर्जा दे देता है।

## मोल-भाव कर खरीद लेते हैं लड़के




## गरीबों के लिए लगाया जाता है बाजार

आपको जानकर हैरानी होगी कि इस बाजार में सभी शामिल नहीं होते, बल्कि दुल्हन का ये बाजार गरीब लड़कियों के लिए लगाया जाता है। अमूमन शादियों में काफी खर्च होता है। ऐसे परिवार जो अपनी बेटी की शादी नहीं करवा पाते, वो इस मंडी में अपनी बेटी को ले कर जाते हैं, फिर लड़कों के घरवाले या फिर लड़का उस मंडी में जाता है और लड़की के घरवालों के हिसाब से पैसे देकर वो उस लड़की को खरीद लेता है। ये प्रथा बुल्गारिया में सालों से चली आ रही है।

## बाजार में अलग-अलग कीमत पर मिलती हैं लड़कियां

इस बाजार में बिकने वाली लड़कियों की कीमत अलग-अलग तय होती है। वहीं, उस लड़की की कीमत सबसे ज्यादा होती है जिसने बाजार में बिकने से पहले किसी मर्द से संबंध नहीं बनाया हो। हालांकि, बाजार में दुल्हन खरीदने और बेचने वालों के लिए भी नियम होते हैं।

दरअसल, इस बाजार में कलाइदझी समुदाय के लोग अपनी बेटी बेचते हैं। ऐसे में उन्हें खरीदने वाले का भी इसी समुदाय का होना अनिवार्य है। इसके अलावा लड़की वालों का गरीब होना भी जरूरी होता है। इस बाजार में आर्थिक रूप से मजबूत परिवार अपनी बेटी को नहीं बेच सकते। साथ ही इस बाजार में खरीदी गई लड़की को बहू का दर्जा देना जरूरी है।

# एक ही स्कूल में साथ पढ़ रहे 8 जुड़वां बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्कूल में जुड़वा बच्चों का होना कोई नई बात नहीं, लेकिन मिजोरम के सरकारी स्कूल में 8 जोड़े जुड़वा बच्चे पढ़ते हैं। एक जैसी शक्ल, एक जैसी स्माइल। इनकी शक्ल तो मिलती ही है, लेकिन इन सभी की हरकतें भी एक जैसी ही हैं। इनमें समानता इतनी ज्यादा है कि स्कूल के टीचर और प्रसिंपल भी हैरान रह जाते हैं। उन्हें समझ नहीं आता कि किस बच्चे बच्चे को उन्होंने क्या निर्देश दिए हैं। कई बार किसी एक बच्चे की होमवर्क नहीं करने की सजा दूसरे को मिल जाती तो कभी सहारना किसी और को।

कहानी मिजोरम के सरकारी मॉडल इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जब एक लेडी टीचर ने एक बच्चे का होमवर्क चेक किया तभी वह चौंक गई। क्योंकि, सामने जो दूसरा बच्चा कॉपी लेकर खड़ा था, वह हूबहू पहले बच्चे की तरह नजर आ रहा था। यह देखकर टीचर असमंजस में आ गई। ऐसा सिर्फ इस महिला टीचर के साथ नहीं हुआ। स्कूल का सारा स्टाफ इस समस्या से जूझ रहा है। हेडमास्टर एच लालवेंटलुआंगा को जब ये बात पता चली तो उन्होंने छानबीन की। मामूल हुआ कि इस सरकारी स्कूल में एक-दो नहीं, बल्कि 8 जोड़े जुड़वा बच्चे पढ़ते मिले। इनमें 7 जोड़े तो भाई बहन हैं।

## मामला मिजोरम के सरकारी मॉडल इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल का



## उदयपुर में भी ऐसा ही एक स्कूल

राजस्थान के उदयपुर में भी ऐसा ही एक स्कूल है। वहां द स्कूल एरिना में एक साथ 24 जुड़वा भाई-बहन पढ़ रहे हैं। इनकी शक्ल अपने जुड़वा भाई-बहनों से हूबहू मिलती है। इनकी हरकतें भी एक जैसी हैं। स्कूल के निदेशक लोकेश जैन के मुताबिक, सभी बच्चों ने एक साथ दाखिला लिया था। ऐसा पहली बार है कि एक साथ 14 जुड़वा और एक ट्रीपल बच्चे स्कूल में पढ़ रहे हैं।

## हेडमास्टर खुद ही हैं जुड़वां बच्चों के पिता

स्कूल के हेडमास्टर एच लालवेंटलुआंगा खुद भी जुड़वा बच्चों के पिता हैं। इनमें एक बेटा और दूसरी बेटी है। दोनों भी इसी स्कूल में पढ़ते हैं। सबसे खास बात, इन बच्चों का एडमिशन किसी प्लानिंग के तहत नहीं हुआ है। सिर्फ ये संयोग है कि सभी बच्चों ने एक साथ यहां दाखिला लिया। यह इलाका ईसाई बाहुल्य है। इस स्कूल की क्षेत्र में अच्छी खासी पहचान है। हेडमास्टर इसे सुखद संयोग मानते हैं। बच्चों की देखभाल में स्टाफ कोई कमी नहीं रखता।

# गहरी खाइयों के ऊपर बना है ये अनोखा पुल, डर से ज्यादा नजारों का आता है मजा

एजेंसी ▶▶| लंदन

स्विट्जरलैंड का चार्ल्स कुओनेन सस्पेंशन ब्रिज दुनिया के सबसे लंबे पैदल यात्री सस्पेंशन ब्रिज में से एक माना जाता रहा है। आज भले ही उससे लंबे पुल भी दुनिया में हैं, लेकिन आल्प्स पर्वतों के अनोखे नजारे देखने का आनंद जो इस पुल से मिलता है, वह कहीं और नहीं मिलता। दुनिया के अनोखे पुलों में बड़े पैदल यात्री पुल खास तरह से शामिल हो जाते हैं। ऐसे में अगर पुल लंबा होने के साथ ही सस्पेंशन ब्रिज भी हो और इस पर ध्यान ना जाए ऐसा तो हो ही नहीं सकता है। भारत में इस तरह का पुल हरिद्वार का लक्ष्मण झूला है, जो अपनी एक साथ यात्री पार करने की क्षमता के लिए जाना जाता है। लेकिन हम आज बात करेंगे चार्ल्स कुओनेन सस्पेंशन ब्रिज की. यह दुनिया के सबसे लंबे पैदल यात्री सस्पेंशन ब्रिज में से एक माना जाता है।

चार्ल्स कुओनेन सस्पेंशन ब्रिज इंजीनियरिंग चमत्कार मैटरहॉर्न और आसपास की पर्वत चोटियों के बेमिसाल नजारे पेश करता है।



## पैदल यात्रियों के लिए बनाया गया सबसे लंबा ब्रिज

चार्ल्स कुओनेन सस्पेंशन ब्रिज दुनिया में पैदल यात्रियों के उपयोग के लिए तीसरा सबसे लंबा हैंगिंग ब्रिज है। यह रैंडा, स्विट्जरलैंड में स्थित है। इसने बंद हो चुके यूरोपाब्रुक पैदल रास्ते की जगह ले ली है, जो एक चट्टान के खिसकने से खराब हो गया था. यह स्विट्जरलैंड के आल्प्स पर्वतों की एक घाटी में 494 मीटर तक फैला है। 30 जुलाई 2017 को इसके उद्घाटन के बाद यह पैदल यात्रियों के लिए बनाया गया सबसे लंबा सस्पेंशन ब्रिज बन गया था।



## बना है दो शहरों के बीच

चार्ल्स कुओनेन सस्पेंशन ब्रिज स्विट्जरलैंड में दो शहरों के बीच यूरोपावेग नाम का एक लंबे पैदल यात्रा रास्ते को फिर से जोड़ने के लिए बनाया गया था। यह रास्ता साल 2010 में एक चट्टानी हिमस्खलन के कारण बंद हो गया था।

# घर में सो रहे बच्चे को घूरता दिखा भूत!

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई तस्वीर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

कहते हैं कि मरने के बाद आत्मा कुछ दिनों तक अपने घर के आसपास घूमती रहती है। हालांकि, इसका कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। लेकिन सोशल मीडिया में एक शख्स ने यह दावा कर हलचल मचा दी कि उसके घर में भूत है। एक रात भूत उसके बच्चे को घूर रहा था। भूत की तस्वीर भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। यह देखकर लोग सहम गए। ज्यादातर लोगों ने कहा, तुरंत घर छोडकर भाग जाएं। भूत शायद आपके परिवार का पीछा कर रहा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह डरावनी तस्वीर अमेरिका के मिशिगन में रहने वाले जॉन किपके ने फेसबुक शेयर की है, जो काफी तेजी से वायरल हो रही है। तस्वीर में सोते हुए बच्चे के ऊपर एक भूतिया आकृति दिखाई दे रही है। यह घटना बच्चे के दादा के निधन के ठीक एक महीने बाद हुई।



## सिर्फ एक कैमरे में कैद हुई यह आकृति

जॉन ने खुलासा किया कि उनके घर के अंदर पांच कैमरे लगे हुए हैं। लेकिन सिर्फ एक में ही यह आकृति कैद हुई। कई यूजर्स इस तस्वीर को देखकर सहम गए। एक ने लिखा, यह एक सज्जन व्यक्ति की तरह लग रहा है। इसने टोपी भी पहनी हुई है। ऐसा लग रहा कि यह आपके बेटे को देख रहा हो। दूसरे ने लिखा, जिस तरह के कोट उसने पहन रखे हैं, उससे तो लग रहा कि यह एक बुजुर्ग महिला है। अपने बच्चे की ओर देख रही है। तीसरे ने कमेंट किया, शायद यह आपका पीछा कर रहा है।

## घटना जेवरा सिरसा पुलिस चौकी का

# बाफना गोल्फ क्लब का पोर्च गिरा, दस मजदूर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एक पोर्च ढलाई के दौरान अचानक पूरा पोर्च भरभरा के गिर गया। हादसे में 10 मजदूर गंभीर रुप से घायल होने की जानकारी मिल रही है। सभी घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक चिखली स्थित बने रहे बाफना गोल्फ क्लब में बुधवार देर शाम पोर्च की ढलाई का काम चल रहा था। अचानक पोर्च गिर गया। उसमें करीब 10 मजदूर काम कर रहे थे। सभी मजदूर मलवे के नीचे समा गए। यहां करीब 27 फीट के पोर्च का काम चल रहा था खबर लगते ही मौके पर पुलिस पहुची और घायलों को अस्पताल पहुचाया गया।



बाफना गोल्फ क्लब शिवनाथ नदी दुर्ग से लगा हुआ है। हादसे में घायलों में कुछ मजदूरों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बताया जा जा रहा है कि जिस तरह से पोर्च की ढलाई की जा रही थी। उसमें सुरक्षा का इंतजाम ठीक ढंग से नहीं किया गया था। इसके अलावा पोर्च में चढ़ने वाले मजदूरों के लिए बल्ली का उपयोग भी बेहतर तरीके से नहीं होने के कारण ही अचानक पूरा पोर्च मजदूरों के ऊपर जा गिरा। इसमें काम करने वाले मजदूरों में कई महिलाएं भी शामिल है। खबर लिखे जाने तक घायलों का नाम पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले को लेकर जांच में जुटी हुई है।

### ये मजदूर हैं घायल

पुलिस ने बताया कि मठपारा गली नं-1 सुखमनदास मानिकपुरी, ग्राम खेरदा महेंद्र कुमार वैष्णव ग्राम पुरई, सुखचैन यादव, बड़ी चिखली उदय कुमार टेमरे, ग्राम कोसा बालोद लुकेश कुमार बंजारे, स्टेशन मरोदा विजय चौक हेमलता चंदेल, ग्राम चिरपोटी पूर्णिमा कोसरे, नया पारा दुर्ग दिलेश्वर साहू, स्टेशन मरोदा गोपाल राम , पुष्पा बारले, ग्राम सिर्री बालोद धर्म ठाकुर, रिसाली खिलावन साहू, स्टेशन मरोदा प्रमिला साहू का उपचार अस्पताल में जारी है।




# जस्टिस अरविंद चंदेल का पटना तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

## केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस अरविंद चंदेल का तबादला पटना हाईकोर्ट कर दिया गया है। केन्द्र सरकार ने इस आशय के आदेश बुधवार 29 मई को जारी कर दिया है। केन्द्र सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी जगन्नाथ श्रीवास्तव ने यह आदेश जारी करते हुए जस्टिस श्री चंदेल को ज्वाइन करने कहा है। गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने जस्टिस श्री चंदेल के मनमुताबिक ट्रांसफर करने के आग्रह को ठुकरा दिया था और मद्रास हाईकोर्ट के बजाय पटना भेजने के लिए सहमति दी थी। इसके लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था।



अब केंद्र सरकार से आदेश जारी होने के बाद उन्हें रिलीव किया जाएगा।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में गठित 5 वरिष्ठ जजों की कॉलेजियम ने जस्टिस अरविंद चंदेल का तबादला करने के लिए उनसे सहमति मांगी थी। जिस पर उन्होंने मध्यप्रदेश, राजस्थान, इलाहाबाद, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली हाईकोर्ट में करने का आग्रह किया था। इसे कॉलेजियम ने ठुकरा दिया।

जिसके बाद चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस अनिरुद्ध बोस ने पहले मद्रास हाईकोर्ट तबादला करने का प्रस्ताव दिया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com